इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव







वर्ष- 43 अंक -160 राजनांदगांव, शनिवार 27 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए




# राहुल गांधी और तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत 1202 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद, मणिपुर में सबसे अधिक मतदान

नई दिल्ली। कई राज्यों में पड़ रही भीषण गर्मी भी लोकतंत्र के महापर्व के प्रति लोगों का जोश ठंडा नहीं कर पाई और उन्होंने शुक्रवार को दूसरे चरण के मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। 13 राज्यों की 88 सीटों पर शाम पांच बजे तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। इसी के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, तीन केंद्रीय मंत्रियों राजीव चंद्रशेखर, गजेंद्र सिंह शेखावत और प्रल्हाद जोशी समेत 1,202 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया।



केरल और बंगाल में कुछ बूथों पर ईवीएम में गड़बड़ी और फर्जी वोटिंग की शिकायतों को छोड़ दें तो मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शाम पांच बजे तक त्रिपुरा में सर्वाधिक 77.53 प्रतिशत मतदान हुआ तो वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे कम 52.74 प्रतिशत वोटिंग हुई। इस बीच, दूसरे चरण के मतदान के साथ ही देश की एक-तिहाई सीटों पर मतदान संपन्न हो गया।

### केरल की सभी 20 सीटों पर वोटिंग

दूसरे चरण में केरल की सभी 20 सीटों के अलावा कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ-आठ, मध्यप्रदेश की छह, बिहार और असम की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और बंगाल की तीन-तीन और मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीट पर मतदान हुआ।

### शशि थरूर चौथी बार जीत की आस में

कांग्रेस नेता शशि थरूर चौथी बार तिरुअनंतपुरम से जीत की आस संजोए हैं। असम के पांच संसदीय क्षेत्रों में अपराह्न तीन बजे तक करीब 70.66 प्रतिशत वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अशांत मणिपुर में सुरक्षाकर्मियों की भारी मौजूदगी के बीच 76.06 प्रतिशत मतदान हुआ। उधर कर्नाटक में शाम पांच बजे तक मतदान प्रतिशत 63.90 रहा। उत्तर प्रदेश की आठ संसदीय सीटों पर दोपहर तीन बजे तक 52.74 प्रतिशत मतदान हुआ।

### जम्मू-कश्मीर में 67.90 प्रतिशत मतदान हुआ

बिहार में 53.03 प्रतिशत, बंगाल में 71.84 प्रतिशत और जम्मू-कश्मीर में 67.90 प्रतिशत मतदान हुआ। केरल में 63.97 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में शाम पांच बजे तक 54.83 प्रतिशत मतदान हुआ। केरल में वोट डालने के बाद पलक्कड़, अलाप्पुझा और मलप्पुरम में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। महाराष्ट्र की आठ सीटों पर दोपहर तीन बजे तक 53.51 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि राजस्थान में 59.19 प्रतिशत मतदान हुआ। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### यूपी और बिहार के मतदाताओं ने सुस्ती दिखाई

त्रिपुरा और बंगाल जहां मतदान में आगे रहे वहीं उत्तर प्रदेश और बिहार के मतदाताओं ने कुछ सुस्ती दिखाई। उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभणी के कुछ गांवों में मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों पर मतदान का बहिष्कार किया, लेकिन बाद में अधिकारियों ने उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मना लिया। इस चरण के प्रमुख प्रत्याशियों में जहां राहुल दूसरी बार केरल के वायनाड से मैदान में हैं तो भाजपा की हेमा मालिनी, ओम बिड़ला और गजेंद्र सिंह शेखावत अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जीत की हैट्रिक की तलाश में हैं।

### दिगज्जों किस्मत भी पिटारे में बंद



कांग्रेस नेता शशि थरूर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रामायण धारावाहिक में राम की भूमिका निभाने वाले भाजपा के अरुण गोविल, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी, भाजपा सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, महासचिव केसी वेणुगोपाल, निर्दलीय पप्पू यादव, भाजपा के तेजस्वी सूर्या।

# छग में दूसरे चरण के चुनाव में रात 8 बजे तक 72.51% मतदान, कांकेर में ज्यादा तो महासमुंद में सबसे कम





रायपुर। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हो गया है। तीन विधानसभा सीटों में सबसे ज्यादा वोटिंग कांकेर लोकसभा क्षेत्र में हुई तो सबसे कम महासमुंद सीट पर देखने को मिला। बात तीन लोकसभा सीट की करें तो कांकेर में 73.84 फीसदी, महासमुंद में 64.90 फीसदी तो राजनांदगांव सीट पर 72.93 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ की 3 लोकसभा सीटों पर शाम तीन बजे तक वोटिंग खत्म हो चुकी थी। बाकी जगहों पर शाम 6 बजे तक मतदान हुआ, जो मतदाता बूथ परिसर में पहुंच चुके थे, वो वोटिंग किये।

### तीनों लोकसभा सीटों पर विधानसभावार वोटिंग प्रतिशत

| राजनांदगांव लोस सीट | महासमुंद लोस सीट | कांकेर लोस सीट |
|---|---|---|
| राजनांदगांव- 72.93 प्रतिशत | कुरूद - 74.40 प्रतिशत | अंतागढ़- 73.00 प्रतिशत |
| कवर्धा - 73.25 प्रतिशत | खल्लारी- 66.34 प्रतिशत | केशकाल- 75.50 प्रतिशत |
| खुज्जी - 77.22 प्रतिशत | धमतरी- 70.16 प्रतिशत | कांकेर- 76 प्रतिशत |
| खैरागढ़ - 75.25 प्रतिशत | बसना- 71.07 प्रतिशत | गुंडारदेही- 71.70 प्रतिशत |
| डोंगरगढ़ - 78.23 प्रतिशत | बिंद्रानवागढ़- 78.84 प्रति. | डौंडीलोहारा- 74.97 प्रतिशत |
| डोंगरगांव - 73.23 प्रतिशत | राजिम- 72.02 प्रतिशत | भानुप्रतापपुर- 75 प्रतिशत |
| पंडरिया - 68.30 प्रतिशत | सराईपाली- 70.87 प्रतिशत | बालोद में- 72.56 प्रतिशत |
| मोहला-मानपुर-75 प्रतिशत | | सिहावा में- 74.52 प्रतिशत |

## सीएम साय ने कांग्रेस पर जमकर बोला हमला, ठगवा और लबरा कांग्रेसियों को नहीं मिलेगी एक भी सीट



बिलासपुर। सूबे के मुखिया सीएम विष्णु देव साय शुक्रवार को चुनावी दौरे में बिलासपुर पहुंचे। यहां मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के चिल्हाटी में सीएम ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सीएमसी ने इस दौरान मोदी और विष्णु सरकार की उपलब्धियां को बताते हुए कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ आज देश का मान बढ़ाया है। पाकिस्तान की गीदड़ भभकी बंद हो गई है। पहले जवानों का सर कलम कल फुटबॉल खेला जाता था। मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को भी शांत कर दिया है।

आगे सीएम ने कहा कि ठगवा और लबरा कांग्रेसियों को इस बार एक भी सीट लेने नहीं देना है। कांग्रेस को सबक सिखाना है। पहले चरण के मतदान को लेकर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि बस्तर में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अच्छा रुझान आया है। बस्तर लोकसभा सीट जीत रहे हैं। आज तीन लोकसभा में मतदान हो रहे हैं और तीनों लोकसभा में भी मतदान अच्छा हो रहा है और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में रुझान बहुत अच्छा है। कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है। पिछले 5 साल में भी जनता के साथ छल करने का काम किया है। आज छत्तीसगढ़ की जनता मोदी जी के 10 साल के काम से ओर जो हम लोग तीन-चार महीने में मोदी की गारंटी का काम पूरा करने का प्रयास किया है। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जनता का विश्वास बड़ा है और मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस बार बिलासपुर लोकसभा सहित पूरी 11 की 11 सीट भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। कांग्रेस के पास कोई बोलने के लिए मुद्दा नहीं है। मुद्दा विहीन हो गई है। कांग्रेस में भूचाल आ गया है। मैं कह सकता हूं कि 25000 से ज्यादा कांग्रेसी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# लोस चुनावः दूसरे चरण में करीब 60.96 प्रतिशत मतदान

नयी दिल्ली। उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ती गर्मी के बीच लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये।

बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा । दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ।

निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 प्रतिशत रहा।

त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत,छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत, जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत, असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ।

पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190




सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। चौदह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सभी सीटों पर मतदान कराया जा चुका है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। आयोग ने एक विज्ञप्ति के अनुसार कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और उनके सहयोगी निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा सुखवीर सिंह संधू ने राजधानी में आयोग के मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया की निगरानी की। आयोग के अनुसार दूसरे चरण में एक लाख मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की गयी। बिहार के बांका, मधेपुरा, खगड़िया और मुंगेर के बहुत से मतदान केन्द्रों पर मतदान का अंतिम समय चार बजे के बजाय शाम छह बजे बढ़ा दिया गया था ताकि मतदाता तेज गर्मी से बच सकें।

छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा और मणिपुर तथा अन्य जगहों पर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पुरुष और महिलायें अपने परम्परागत परिधानों में आकर लोकतंत्र के इस महापर्व की छटा को और वैविध्य किया।

कर्नाटक में वरुणा निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र की टीम ने मतदान शुरू होने से पहले परम्परागत वेशभूषा में मतदाताओं का स्वागत किया। कई मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा कर्मी वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता करते देखे गये।

त्रिपुरा में दूरदराज के धलाई विधानसभा क्षेत्र के राइमा घाटी में एक मतदान केन्द्र पर मतदातानावों से वोट डालने पहुंचे थे। सेवानिवृत्त एयर मार्शल पी वी अय्यर बेंगलुरु में एक मतदान केन्द्र पर पहले घंटे में मतदान किया। राजस्थान में डूंगरपुर के बदगामा, चिखली मतदान केन्द्र के कुछ मतदाताओं को नाला पार करने के लिये डोंगी लगायी गयी थी।

केरल में मतदान प्रक्रिया के दौरान एक बूथ एजेंट सहित चार लोगों की मौत हो गयी। कर्नाटक में बेंगलुरु के जेपी नगर के एक केन्द्र पर मतादाओं की कतार में लगी एक अधेड़ महिला को दिल का दौरा पड़ा। उसी कतार में अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे एक चिकित्सक ने तत्काल उसकी सहायता की और उसे पुलिसकर्मियों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## सेवा विवाद मामले में दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई को सुको तैयार, सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा- हम करेंगे विचार



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली की आप सरकार से कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं को नियंत्रित करने में निर्वाचित व्यवस्था पर उपराज्यपाल की प्रधानता स्थापित करने के केंद्र सरकार के कानून को चुनौती देने वाली उसकी याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

### कोर्ट ने क्या कहा?

आप सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि फिलहाल नौ जजों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे।

### नौ जजों की पीठ कर रही है मामले की सुनवाई

वर्तमान में चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली नौ जजों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत 'समुदाय के भौतिक संसाधन' माना जा सकता है जोकि राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का हिस्सा है। इससे पहले शीर्ष कोर्ट ने केंद्र के पिछले साल 19 मई के उस अध्यादेश को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका को पांच न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ के पास भेज दिया था, जिसने निर्वाचित व्यवस्था से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 96 घंटे में दूसरी बार अमित शाह बोले -कांग्रेस ने जिन नक्सलियों को पाला, हम उन्हें 24 महीने में करेंगे खत्म

बेमेतरा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले - आने वाले 2 साल में नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। कांग्रेस ने नक्सलवाद का पालन पोषण करने का काम किया। मोदी सरकार बनी तो पूरे देश में समाप्त कर देंगे। तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी।

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर अमित शाह गरजे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 दिन में दूसरी बार प्रदेश दौरे पर थे। इस दौरान शाह ने बेमेतरा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में शाह दुर्ग लोकसभा क्षेत्र को साधते हुए बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में माहौल बनाया। जनसभा में शाह बोले ङ्क आने वाले 2 साल में नक्सलवाद को समाप्त कर देंगे। कांग्रेस ने नक्सलवाद का पालन पोषण करने का काम किया। मोदी सरकार बनी तो पूरे देश में समाप्त कर देंगे। तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य बनाने का विरोध कांग्रेस करती थी, अटल जी ने छत्तीसगढ़ बनाया।



### भूपेश एंड कंपनी ने घोटालों की शृंखला बनाई

शाह बोले - घमंडिया गठबंधन बनाकर 12 लाख करोड़ का घपला-घोटाला करके कांग्रेस फिर से चुनाव लड़ने आई है। छत्तीसगढ़ में भूपेश एंड कमपनी ने घोटाले पर घोटाला किया। बघेल ने पीएससी घोटाला, गोबर गोठाला, गोठान गोठाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला किया।

### दुर्ग में भाजपा-कांग्रेस में सीधा मुकाबला





दुर्ग लोकसभा सीट पर छत्तीसगढ़ के तीसरे चरण के चुनाव 7 मई को मतदान होगा। इस सीट पर भाजपा- कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है। भाजपा से वर्तमान सांसद विजय बघेल प्रत्याशी चुने गए है। वहीं कांग्रेस से राजेंद्र ठाकुर मैदान में उतरे है। अमित शाह की जनसभा में विजय बघेल बोले- अटल जी, आडवाणी जी की तरह मोदी जी और शाह जी ने इस देश को दुनिया में सम्मान दिलाया। यह मामूली चुनाव नहीं है, यह महायज्ञ हे। एक आहुति वोट के रूप में जरूर डालहू।

## छत्तीसगढ़ में सीबीआई जांच से बैन हटा, अब बिरनपुर हत्याकांड... पीएससी घोटाले की जांच होगी शुरू

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य के युवाओं को दी गई गारंटी हुई पूरी

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा 2021 में हुई अनियमितता की जांच सीबीआई करेगी। केन्द्र सरकार द्वारा इस मामले में आज विधिवत अधिसूचना आज जारी कर दी गई है। विधानसभा चुनाव के दौरान यह मामला राज्य में काफी गरमाया हुआ था। पीएससी परीक्षा 2021 में की हुई अनियमितता को लेकर राज्य के युवाओं में बेहद आक्रोश था और इसको लेकर युवा सड़कों पर उतर आए थे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य के युवाओं के आक्रोश को देखते हुए इस मामले की जांच कराने और दोषी लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की गारंटी दी थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की राज्य के युवाओं से की गई यह गारंटी भी अब सीबीआई के सुपुर्द होते ही पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवगठित सरकार ने भी पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी और युवाओं की शिकायत के मद्देनजर 03 जनवरी 2024 कैबिनेट बैठक में इस मामले की सीबीआई से (शेष पृष्ठ 6 पर...)




**आवश्यकता है**

दैनिक अखबार हेतु विज्ञापन मार्केटिंग कार्य के लिए कुशल युवक-युवतियों की

संपर्क समय- प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक

संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

# बुजुर्ग मतदाताओं में मतदान के प्रति दिखा उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को किया गया। मतदान केन्द्रों में सुबह से मतदाताओं की लंबी कतारें लग गई। जिले में मतदाताओं के लिए कई मॉर्डन पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं जिनमें विशेष व्यवस्थाएं भी किए गए। मतदान केन्द्रों में युवाओं, महिलाओं के साथ-साथ बुजुर्ग मतदाताओं में उत्साह देखा गया। बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान केन्द्र में आकर मतदान किया। बुजुर्ग मतदाताओं ने मैंने मतदान किया... सेल्फी जोन में अपनी सेल्फी भी ली और सेल्फी लेकर नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित भी किया।



मतदान केन्द्रों में आकर बुजुर्गों ने दिया वोट

शंकरपुर निवासी 87 वर्षीय बुजुर्ग श्रीमती पार्वती साहू ने मतदान केन्द्र शंकरपुर अपने बेटे के साथ पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। श्रीमती पार्वती ने बताया कि पिछले विधानसभा निर्वाचन में भी अपने बेटे के साथ गाड़ी में बैठकर मतदान करने आई थी और वे प्रत्येक निर्वाचनों के समय अपना वोट अवश्य देती है। उन्हें खुशी है कि लोकतंत्र के निर्माण में वह भी अपना मनपसंद का जनप्रतिनिधि चुनती है। वे कहती है कि मतदान केन्द्र में आकर वोट देना बहुत अच्छा लगता है। इसलिए वे मतदान केन्द्र में आकर ही मतदान करती हैं। अपनी बहू के साथ 72 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रधानपाठक श्रीमती भेनू मिश्रा ने मतदान केन्द्र गुरूनानक स्कूल पहुंचकर मतदान किया। इसी तरह 85 वर्षीय रामकिशोर मिश्रा और 76 वर्षीय श्रीमती सुभद्रा मिश्रा ने अपने बेटे के सहारे मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। कैलाश नगर टांकापारा राजनांदगांव मतदान केन्द्र में सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर जीआर महिपाल ने मतदान कर सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।



## प्रसूता महिला ने किया मतदान

राजनांदगांव (दावा)। लोकतंत्र के संवैधानिक पर्व पर पहले अपने मत का दान करने वाली महिला श्रीमती रीतू ने बाद में पूर्वान्ह 11 बजे ईश्वर से दान स्वरूप स्वस्थ पुत्र पाया। डॉ. कुमुद मोहबे हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.सुरभि मोहबे ने बताया कि साढ़े तीन किलो वजन के स्वस्थ पुत्र के साथ मां का स्वास्थ्य भी उत्तम बना हुआ है। प्रसूता श्रीमती रीतू ने बूथ क्रमांक 70 में जाकर अपने मत का उपयोग किया।

# कांग्रेस के न्याय योजना के सामने धाराशाही हो गया भाजपाई अन्याय - गिरीश देवांगन



राजनांदगांव(दावा)। लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन ने मतदान दिवस के दिन जिस प्रकार से प्रातः 5 बजे से लगातार बूथों में निरीक्षण करते कार्यकर्ताओं मतदाताओं से कुशल क्षेम जानने के बाद एवं जिस प्रकार से लोकतंत्र के महापर्व में महिलाओं ने अपनी बढ़-चढ़कर सहभागिता प्रदर्शित की है, इससे यह साबित हो गया है कि भाजपा के अन्याय को कांग्रेस की महालक्ष्मी नारी न्याय योजना ने धराशाही कर दिया है, उसी प्रकार युवाओं में जो जोश देखने को मिला, उससे यह पर परिलक्षित हुआ कि युवा न्याय के सामने मोदी सरकार की बेरोजगारी रूपी अन्याय पस्त हो गई है।

किसान-मजदूर में मतदान में भाग लेकर यह संदेश दे दिया है कि महंगाई, गरीबी का दंश देने वाली 10 वर्षीय भाजपा को इस चुनाव में उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया था, उसे मतदान के रूप में पूरा किया जा चुका है। अब वह दिन दूर नहीं है, जब 4 जून को परिणाम आएंगे, तो बीजेपी चारों खाने चित होगी और भारतीय लोकतंत्र में इंडिया गठबंधन रूपी न्याय की जीत होगी, क्योंकि व्यापारी वर्गों द्वारा इस चुनाव में केंद्र सरकार द्वारा दी गई जीएसटी की मार और पूंजीपति अधिनायक वाद के विरोध में लामबंद होकर मतदान किया गया है। सर्वहारा वर्ग ने देश में भाजपा की कुंती के कारण जो अराजकता की स्थिति निर्मित हुई है और भाजपा पार्टी न होकर व्यक्ति का मुखौटा बन गया है, जिसे भी आम जनता भाजपा से मोह भंग हो गया है और तो और छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर कैबिनेट में पहला निर्णय लेने के बाद उसे निर्णय पर अमल न कर सकने वाली रिमोट कंट्रोल की सहायता सरकार के खिलाफ भी आम जनता ने खुलकर मतदान किया है। भूपेश बघेल ने 5 सालों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, समृद्धि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम किया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा था, जिसके चलते भूपेश बघेल ऐतिहासिक मतों से जीत का रिकॉर्ड बनाएंगे, वहीं 15 वर्षीय निष्क्रिय भाजपा के सांसदों के दंश से भी राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता मुक्त होगी। अंत में मतदान में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का आभार भी व्यक्त किया है।

## मतदान किया



राजनांदगांव(दावा)। लोकसभा के अंतर्गत राजनांदगांव विधानसभा के सबसे बुजुर्ग मतदाता 99 वर्षीय पुरुष श्री हशमत राय भीमनानी बूथ संख्या 122 पर पहुंचे और क्रमवार मतदान किया

## पहला कॉलम...

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने किया मतदान



कवर्धा (दावा)। दूसरे चरण के लिए छत्तीसगढ़ की 3 लोकसभा सीटों के लिए मतदान शुरू हो गया है। राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर के लिए वोटिंग चल रही है। दूसरे चरण में कांग्रेस-भाजपा के दिग्गज नेताओं सहित 41 प्रत्याशी मैदान में है। इन प्रत्याशियों की किस्मत 52,84,938 मतदाता तय करेंगे। सुबह से ही मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार लगनी शुरू हो गयी है। सुबह-सुबह ही कई प्रत्याशियों ने भी वोट डाला है। कांकेर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग, कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर, महासमुंद से लोकसभा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी ने वोट डाला। वहीं कवर्धा में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने भी सुबह-सुबह ही मतदान किया। पहले चरण की वोटिंग की तरह इस बार भी मतदान पर रायपुर के अलावा दिल्ली से भी निर्वाचन आयोग नजर रख रहा है। वेब कास्टिंग (ऑनलाइन) से मतदान केंद्रों की निगरानी की जा रही है। गलती दिखने पर संबंधित नोडल को तत्काल एक्शन लेने का निर्देश दिया जाएगा। दूसरे चरण में 2 लाख 22 हजार जवानों की तैनाती की गई है।

### भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने कतार में लगकर वोट डाला



राजनांदगाँव (दावा)। जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रमेश पटेल अपने साथियों के साथ टांकापारा स्थित मतदान बूथ क्रमांक 137 में वोट डालने पहुचे तो वहाँ मतदाताओं की लंबी कतार लगी थी। श्री पटेल नियमों का पालन करते हुए कतार में सबसे पीछे खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहें। कतार में खड़े लोगों ने जब उन्हे पीछे खड़े देखा तो उनसे सामने आकर पहले मतदान करने का आग्रह किया किन्तु उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए अपनी बारी आने का इंतजार किया व अपने मत का प्रयोग किया।

इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता बंटी भाटिया, त्रिगुण टाँक, पूर्व पार्षद विठ्ठल भाई पटेल, समाजसेवी प्रफुल परमार व मनीष पटेल भी थे, सभी ने क्रमशः मतदान किया।

# भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे दो लाख से अधिक मतों से विजयी होंगे - भाजपा मीडिया सेल

राजनांदगाँव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के दो लाख से अधिक मतों से विजयी होने का दावा भाजपा मीडिया सेल ने किया हैं।

भाजपा मीडिया सेल प्रभारियों योगेश दत्त मिश्रा, अशोक लोहिया व अमर लालवानी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया गया कि लोकसभा के इस चुनाव में भीषण गर्मी व शादियों के जबरदस्त माहौल के बावजूद संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व मतदान से यह बात साफ हो गया है की लोगों ने एक बार फिर मोदी जी की गारंटी पर विश्वास किए और कांग्रेस की न्याय योजना को ठुकरा दिया। संसदीय क्षेत्र सुदूर ठेठ ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी व कस्बाई क्षेत्रों में मतदाताओं ने वोट डालने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मतदाता लंबी लाइनों में खड़े हो कर अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। लोग स्वयं होकर मतदान केंद्रों में आकर वोट करते रहें व सेल्फ़ी जोन में सेल्फ़ी लेकर सोशल मीडिया में वायरल करते रहे जिससे लोगों में मतदान को लेकर उत्साह बरकरार रहा।

भाजपा मीडिया सेल ने छूट-पुट घटनाओं को छोड़कर हुए शांतिपूर्ण मतदान के लिए चुनाव आयोग, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मतदान कार्य में लगे अधिकारीयों एवं कर्मियों व आमजनता का आभार व्यक्त किया तथा कहा इस चुनाव में महिलाओं की विशेष भूमिका रही वे उत्साह के साथ मतदान करके भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने अपना विश्वास मोदी गारंटी पर किया।

## दुल्हन लाने से पहले वोट देने पहुँचा दुल्हा



राजनांदगाँव (दावा)। लोकतंत्र के महोत्सव में मतदान का अच्छा खासा जोश एवं उत्साह रहा। लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण के मतदान पर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत 75-राजनांदगांव विधानसभा के पोलिंग बूथ 167-कुम्हालोरी में अपनी दुल्हन लेने जाने से पहले दुल्हा गणेशु साहू ने पोलिंग बूथ में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोगों को मत देने के लिए जागरूक किया।

# कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देश पर मतदान की गोपनीयता भंग करने वालों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई कार्रवाई

**मतदान कक्ष के भीतर बैलेट यूनिट का बटन दबाते हुए अपनी फोटो मोबाईल पर खींचकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वालों पर की गई कार्रवाई**

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल 2024 को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव में मतदान संपन्न होने के दौरान विभिन्न माध्यमों से कुछ व्यक्तियों द्वारा मतदान कक्ष के भीतर बैलेट यूनिट का बटन दबाते हुए अपनी फोटो मोबाईल पर खींचकर अपने सोशल मीडिया एकाण्ट फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने की जानकारी मिली है।

यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा निर्वाचन का संचालन नियम 1961 के तहत मतदान की गोपनीयता बनाये रखने के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

इसी कड़ी में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग को ऐसे व्यक्तियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की तथा सोशल मीडिया से ऐसे पोस्ट को विलोपित किया गया।

## दिव्यांग रथ के माध्यम से मतदान केन्द्र पर मतदान करने पहुँचे बलराम साहू

बालोद (दावा)। बालोद विकासखण्ड के मतदान केंद्र परसदा में श्री बलराम साहू पिता सीताराम साहू को टोल नम्बर 1950 में सम्पर्क उपरांत दिव्यांग रथ के माध्यम से मतदान केन्द्र पहुँचे। दिव्यांग मतदाता श्री बलराम साहू ने मताधिकार का प्रयोग कर सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

# युगांतर में समर कैंप का आयोजन आज 27 अप्रैल से



**नगर की सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए युगांतर का बहुआयामी आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। 26 अप्रैल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में कल 27 अप्रैल प्रातः 7.50 से 10.30 तक नगर की सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का बहुआयामी आयोजन पर रखा गया है। यह आयोजन आगामी 7 मई तक रहेगा। समर कैंप में भाग लेने के लिए पूर्व में रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। इस आयोजन को लेकर विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ नगर के सभी स्कूलों विद्यार्थियों के बीच गजब का उमंग का वातावरण बना हुआ है। इस सन्दर्भ में विद्यालय की समर कैंप प्रभारी वंदना सिंह तथा शालिनी नायर ने बताया कि युगांतर द्वारा नगर के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह का रचनात्मक आयोजन हर वर्ष रखा जाता है।

इसमें विद्यार्थी नई उमंग और उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा विकास करते हैं। उन्होंने नगर के सभी विद्यालय के विद्यार्थियों से यह अनुरोध किया है कि वे बड़ी तादाद में इस बहुआयामी रचनात्मक आयोजन में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का विकास करें। जिन विद्यार्थियों को समर कैंप की जानकारी चाहिए है, वे हमारे मोबाइल नंबर 8103974004 से संपर्क कर सकते हैं। इस समर कैंप में विभिन्न राज्यों से आए विद्यालय में कार्यरत प्रशिक्षकों द्वारा सेवाएं दी जाएगी।

इन प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को योगा, जुम्बा, बैडमिंटन, स्केटिंग, कराटे, चैस, स्वीमिंग, कैलीग्राफी, नृत्य, संगीत, रोबोटिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य डॉ.मधु पी चौधरी, पी.आर.ओ. स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने बड़ी संख्या में विद्यार्थियों से इस आयोजन में सहभागिता दर्ज कर इस बहुआयामी आयोजन को यादगार बनाने का आह्वान किया है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया मतदान, बोले - तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे मोदी



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा क्षेत्र में चिलचिलाती धुप में भी मतदान जारी है। मंत्री, विधायक, प्रत्याशियों के बाद अब विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं श्रीमति वीणा सिंह ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर दिया है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में डॉ. रमन सिंह अपनी पत्नी के साथ स्वामी आत्मानंद स्कूल मतदान केंद्र में वोट किए। डॉ. रमन सिंह के बेटे और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सपत्निक सुबह-सुबह ही अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाल दिए थे। राजनांदगांव लोकसभा में संतोष पांडे की सक्रियता और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता से यह पूरा चुनाव एक स्पष्ट दिशा में जा रहा है। अब राजनांदगांव और देश की जनता ने मन बना लिया है कि श्री मोदी जी को तीसरी बार पूर्ण बहुमत से प्रधानमंत्री बनाना है।



dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार भीड़ भरा दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




# पूर्व विधायक देवती कर्मा के बंगले में चली गोली, प्रधान आरक्षक की मौत



रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार तड़के सिविल लाइन स्थित पूर्व विधायक देवती कर्मा के बंगले में अचानक गोली चलने से प्रधान आरक्षक अजय सिंह की मौत हो गई है तो वहीं घटना में असिस्टेंट प्लाटून कमांडर (एपीसी) राम कुमार दोहरे घायल हो गए उनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आशीष वर्मा पूर्व विधायक के पुत्र है। वह भी गोली चलने के समय सिविल लाइन बंगले में मौजूद थे। जहां पीड़ित जवान वीआईपी सुरक्षा में तैनात थे। इसी दौरान सुबह सात बजे के करीब बैरेक में हथियारों की नियमित सफाई करने के दौरान अचानक राइफल से गोली चल गई। गोली प्रधान आरक्षक के सीने में जा लगी और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। घायल राम कुमार दोहरे का उपचार किया जा रहा है।

प्रधान आरक्षक अजय सिंह बिजुरी निवासी हैं और घायल राम कुमार दोहरे भिंड मध्यप्रदेश के है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्ट्या दुर्घटनावश गोली चलने का मामला बनता है। मामले की जांच हर कोण से की जा रही है।

# जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न

**बुजुर्ग मतदाताओं, महिलाएं एवं युवाओं मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक किया मतदान**

मोहला (दावा)। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव के अंतर्गत विधानसभा मोहला मानपुर में शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य आज प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। बुजुर्ग मतदाताओं, महिला मतदाताओं, भावी युवा मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं सभी श्रेणी के मतदाताओं ने कतार में लगकर उत्साह पूर्वक मतदान किया। लोकतंत्र के महापर्व में जिले के मतदाताओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी सहभागिता दिया। एक ओर जहां सामान्य ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति रुझान देखने को मिला वही वनांचल क्षेत्र में भी मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह का मंजर देखने को मिला। मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए बनाए गए आदर्श मतदान केंद्र, महिला मतदान केंद्र, संगवारी मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्र में मतदान के प्रति एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला। बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता दिया। जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा बनाए गए विशेष प्रावधान के तहत बिना किसी डर भय के मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग कर साबित कर दिखाया कि वे लोकतंत्र के लिए मजबूती के साथ खड़े हैं।

## कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं जिला अधिकारियों ने किया मतदान

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने आज मतदान दिवस पर मोहला के बाजार चौक स्थित प्राथमिक शाला मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर ने यहां मतदान कर जिले के मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया।

कलेक्टर ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र द्वारा प्रदत्त सबसे बड़ा संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि मतदान करने से देश की लोकतंत्र की व्यवस्था को मजबूती मिलती है। उन्होंने मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता देते हुए कहा कि मतदान का अधिकार देश का भविष्य और आने वाले भविष्य को निर्धारित करता है।

इस अवसर पर जिला में पदस्थ अधिकारी सयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, तहसीलदार मोहला सु संध्या नामदेव ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## आमापारा के मतदान केन्द्र में आने वाले मतदाताओं का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

**बुजुर्ग श्रीमती बेला बाई ने किया पहला मतदान**

बालोद (दावा)। जिला मुख्यालय बालोद के आदर्श स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा बालोद मतदान केंद्र क्रमांक 38 में पहली मतदाता के रूप में बुजुर्ग मतदाता श्रीमती बेला बाई ने मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सेल्फी पॉइंट में सेल्फी भी ली। मतदान केंद्र में सभी मतदाताओं का तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया।

## शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-6-8
358-6 890-7
राजधानी
2-3-7
334-0 267-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक







# निर्वाचन में मतदान के लिए महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं युवाओं सहित हर वर्ग के नागरिकों में रहा अभूतपूर्व उत्साह एवं उल्लास









## मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए की गई चाक-चौबंद व्यवस्था

## लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बनने घरों से निकले मतदाता

## बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का स्काउट-गाईड के बच्चों ने किया सहयोग

## सेल्फी जोन में मतदाताओं ने फोटो खींचा कर खुशी जाहिर की

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में राजनांदगांव जिले के मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लोकतंत्र के इस उत्सव में भागीदारी बनने के लिए जिले में मतदाता सुबह से ही मतदान केन्द्रों में पहुंचने लगे थे। मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्रों में अभूतपूर्व उत्साह और उल्लास देखने को मिला। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की लाईन लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह सिलसिला मतदान समाप्ति तक चलता रहा। महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग, दिव्यांग, युवा एवं पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान किया। मतदान केन्द्रों में बनाए गए सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। स्कॉउट-गाईड के बच्चों ने मतदान करने पहुंचने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सेवा भाव से मदद की। स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने बुजुर्ग मतदाताओं को सेवा भावना के साथ व्हील चेयर से मतदान केन्द्रों तक लाया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में छांव, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रही। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान कार्य का निरीक्षण करते रहे और मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने, सुगम मतदान सुनिश्चित करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्वाचन को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से जिले में आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। संगवारी मतदान केन्द्रों में महिला मतदान दलों द्वारा मतदान कराया गया। इसी तरह दिव्यांग मतदान केन्द्रों में दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी द्वारा मतदान कराया गया। वहीं युवा मतदान केन्द्रों में मतदान दल में 35 वर्ष तक के अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई थी। मतदान केन्द्रों में मतदान गतिविधियों की निगरानी करने के लिए 430 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग की गई। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सहायता के लिए सहायता केन्द्र बनाए गए थे।

### दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए रही निःशुल्क दिव्यांग रथ की परिवहन व्यवस्था

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान दिवस को दिव्यांग रथ द्वारा दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था की गई थी। दिव्यांग रथ के माध्यम से चिन्हांकित दिव्यांग एवं 80+ आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा मांग करने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोडने् के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था की गई थी।

### टेड़ेसरा मतदान केन्द्र में हॉकी की नर्सरी सेल्फी जोन रहा खास

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने, सुगम मतदान सुनिश्चित करने, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्वाचन को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ढारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 175-प्राथमिक शाला भवन ढारा के आदर्श मतदान केन्द्र को आकर्षक डोंगरगढ़ पर्यटन स्थल थीम आधारित तैयार किया गया था। यहां रोपवे सेल्फी जोन में मतदाताओं ने रूझान दिखाया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के मतदान केन्द्र क्रमांक 216-शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेड़ेसरा पश्चिम भाग की आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में हॉकी की नर्सरी की थीम पर आकर्षक साज-सज्जा की गई थी। हॉकी की नर्सरी सेल्फी जोन खास रहा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 225-प्राथमिक शाला भवन खुज्जी को छत्तीसगढ़ की कृषि आधारित संस्कृति की थीम पर आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में विकसित किया गया था। यहां वन मंडल का सेल्फी जोन मतदाताओं के आकर्षण का केन्द्र बना रहा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 41-प्राथमिक शाला भवन मोरकुटुम्ब को इकोफ्रेंडली थीम पर आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में सुसज्जित किया गया था। सभी आदर्श मतदान केन्द्रों में थीम के आधार पर से सेल्फी पॉइंट बनाए गए थे। मतदाताओं ने सेल्फी पॉइंट में मतदान के बाद सेल्फी लेकर खुशी जाहिर की।

### पेड़ पौधों की पत्तियों से बना आकर्षक इकोफ्रेंडली मंडप

गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पेड़-पौधों की पत्तियों से आकर्षक इकोफ्रेंडली मंडप बनाया गया। जिससे मतदाताओं को राहत भरी छांव मिली। मतदान केन्द्रों में छांव के साथ पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था भी की गई थी।

### मतदान केन्द्रों में ओआरएस घोल एवं शर्बत की भी रही व्यवस्था

गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में छांव के साथ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था थी। मतदाताओं को गर्मी से राहत देने के लिए मतदान केन्द्र क्रमांक 12-चौथना में मतदाताओं को शर्बत, मठा का वितरण भी किया गया। वहीं विधानसभा डोंगरगांव के मतदान केन्द्र क्रमांक 210-माथलडबरी, मतदान केन्द्र क्रमांक 225-खुज्जी सहित जिले के अन्य मतदान केन्द्रों में ओरआरएस घोल कार्नर में मतदाताओं को ओरआरएस घोल दिया गया।

### महिलाएं अपने नन्हे बच्चों के साथ पहुंची मतदान केन्द्र

महिला मतदाताओं में मतदान करने के लिए गजब का उत्साह दिखा। शिशुवती माताएं अपने नन्हे बच्चों के साथ मतदान केन्द्र पहुंचकर घर गृहस्थी के फर्ज के साथ मतदान करने के कर्तव्य को निभाया। महिला मतदाताओं के चेहरे पर लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बनने की खुशी झलकी रही थी। महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने बनाने गए संगवारी मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं अपना मत देने पहुंची।

### शादी की रस्मों से पहले मतदान करने पहुंचे दूल्हा-दुल्हन

लोकसभा चुनाव के साथ शादियों का सीजन भी चल रहा है। लोकतंत्र के महोत्सव में शादी की रस्मों से पहले दूल्हा-दुल्हन मतदान केन्द्रों में अपना मतदान देने पहुंचे। बारात जाने के पहले दूल्हा राजा चिमन कुमार साहू ने डोंगरगांव ब्लॉक के मतदान केन्द्र क्रमांक 170-बनहरदी में मतदान किया। बारात जाने के पहले दूल्हे राजा दुर्गेश साहू एवं मनाऊ साहू ने मतदान केन्द्र क्रमांक 235-रातापायली में मतदान किया। डोंगरगांव विकासखंड के मतदान केन्द्र 220-कोहका में दूल्हे राजा उमेश कुमार कुंभकार एवं डेविड कुंभकार बारात जाने से पहले मतदान करने पहुंचे। भगवती यादव अपने हल्दी के वैवाहिक रस्मों से समय निकालकर मतदान करने विधानसभा खुज्जी अंतर्गत मतदान केन्द्र 35-छुरिया पहुंची। बारात जाने से पहले दूल्हा राजा इंद्रकुमार वैष्णव आदर्श मतदान केन्द्र 176-ढारा पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### मतदान करने में बुजुर्ग नहीं रहे पीछे

मतदान करने में बुजुर्ग मतदाता किसी से पीछे नहीं रहे। उन्होंने मतदान कर सहभागिता निभाई। बुजुर्ग मतदाता अपने परिवार के साथ मतदान केन्द्र मतदान करने पहुंचे। बुजुर्गों के लिए वृद्धावस्था भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने में बाधा नहीं बनी। स्कॉउट-गाईड के बच्चों ने भी मतदान करने पहुंचने वाले बुजुर्ग मतदाताओं मदद की।

# भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर मारपीट व आचार संहिता उल्लंघन का लगाया आरोप



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, भाजपा प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता सुरेश एच लाल, उपाध्यक्ष आभा तिवारी, महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, सावन वर्मा, मूलचंद भंसाली, व रवि सिन्हा ने एक संयुक्त बयान में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर आज दिनभर आचार संहिता का उल्लंघन करने व मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा नेताओं ने कहा कि आज दिनभर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल दस से अधिक गाड़ियों के काफिले के साथ दिनभर घूमते रहें और मतदान केंद्रों के भीतर कई दर्जन लोगों के साथ प्रवेश करते रहें, जिसमें उनके साथ दुर्ग-भिलाई-रायपुर के अवांछनीय तत्वों की फौज भी थी। औधोगिक ग्राम टेड़ेसरा में श्री बघेल जब सैकड़ों लोगों के साथ मतदान केंद्र में प्रवेश कर रहे थे तब भाजपा कार्यकर्ता जिसमे महिलाये भी शामिल थी, ने उनका विरोध किया तथा कहा कि मतदान केंद्र के भीतर अकेले अपने अंगरक्षक के साथ जाये, किन्तु इस बात पर टेड़ेसरा ग्राम के कांग्रेसी कार्यकर्ता, व दुर्ग-भिलाई से आये उनके गुर्गों ने भाजपा कार्यकर्ताओं जिसमें महिलाये थी के साथ मारपीट शुरु कर दी, भाजपा की महिला कार्यकर्ता पद्मिनी साहू, भूमिका, सविता, भगवती साहू, संध्या पांडे, रेखा पटेल सहित अन्य महिलाओं के साथ गाली ङ्ग गलौच व अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। उक्त महिला नियमों का हवाला देते हुए अड़ गई तब जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू, उनका भाई देवलाल साहू, पुत्र चंद्रकांत साहू व जितेंद्र साहू, भतीजा सतीश साहू एवं नल आपरेटर राजेन्द्र देशमुख सहित लगभग 20-25 लोगों ने पोलिंग बूथ गेट के सामने भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं से मारपीट की। जिससे भाजपा महिला नेत्री पद्मिनी साहू को गंभीर चोटें आई हैं, पद्मिनी साहू के पुत्र के साथ भी मारपीट की गई। घटना की सूचना प्राप्त होने पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तुरंत टेड़ेसरा पहुचे एवं स्थिति को शांत करवाया भाजपा ऐसे कृत्य की घोर निंदा करती हैं और चुनाव आयोग एवं प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग करती हैं।

इस आशय का ज्ञापन पार्टी नेताओं व ग्रामवासियों ने सोमनी थाने में दिया हैं, तथा भाजपा नेताओं ने निर्वाचन अधिकारी व लोकसभा पर्यवेक्षक को अलग से ज्ञापन सौपा हैं। भाजपा नेताओं ने आगे कहा की भूपेश बघेल चुनाव में बुरी तरह पराजित हो रहें हैं उन्हे इस बात का आभास हो गया हैं। पूरे संसदीय क्षेत्र में आज चली मोदी लहर से वे विचलित हो गए हैं, और इस तरह से टेड़ेसरा में ऐसी मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया हैं।

### हार की आशंका से बौखलाए भूपेश - मधु



भाजपा के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव ने कहा कि आज जिले की आठों विधानसभा में मोदी की लहर तेजी से चल पड़ी और शुरुआती दौड़ में ही संदेश आने शुरू हो गए की सभी और भाजपा बढ़त की ओर अग्रसर है। चारों ओर भाजपा के पक्ष में माहौल दिखने लगा, सभी भाजपा के पंडालो में लोगों का हुजूम उमर पड़ा,और कांग्रेस के पंडाल खाली नजर आए । ऐसी स्थिति में भूपेश बघेल ने दुर्ग-भिलाई से असामाजिक तत्वों को लाकर संस्कारधानी का माहौल खराब करने का प्रयास किया। श्री यादव ने कहा कि लोकतंत्र में इस तरह की हरकत निंदनीय है, पूर्व मुख्यमंत्री के नाते उन्हें निर्वाचन नियमों का स्पष्ट ज्ञान है कि 50-60 की संख्या में दल बल के साथ मतदान केंद्र में प्रवेश वर्जित है, परंतु इसके बावजूद भूपेश बघेल एवं उसके कार्यकर्ता उत्तेजित होकर महिलाओं पर टूट पड़े और मारपीट कर यह बता दिया कि वे हार की कुंठा से ग्रसित है। मधुसूदन यादव ने कहा कि राजनांदगांव की जनता ने अपना मतदान के रूप में आदेश दे दिया है। मतगणना के दिन 4 जून को उन्हें वापस पाटन भेजने का आदेश यहां की जनता देगी और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे भारी मतों से विजयी होंगे।

# सीएम साय की पीएम मोदी कर रहे बार-बार तारीफ, बोले- भाई विष्णु ने राकेट की गति से चलाई सरकार



रायपुर। छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्बोधनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की खूब सराहना की। सरगुजा में उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को पूरे अंक देते हुए कहा कि साय सरकार राकेट की गति से काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री मोदी के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से 'विष्णु के सुशासन की सरकार' के लिए उत्साहवर्धक साबित होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम विष्णुदेव साय को अपना साथी और भाई कहकर संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भाई विष्णु विकास के लिए बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। अभी ज्यादा समय नहीं हुआ, बहुत कम समय में उन्होंने राकेट की गति से सरकार चलाई है। साय सरकार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इतने कम समय में साय सरकार ने धान पर किसानों को दी हुई गारंटी पूरी कर दी। तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी अब ज्यादा पैसा मिलेगा और तेंदूपत्ता की खरीद भी तेजी से होगी। यहां की माताओं को भी महतारी वंदन योजना से लाभ हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ मे जिस तरह कांग्रेस के घोटालेबाजों पर एक्शन हो रहा है ये पूरा देश देख रहा है। राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार प्रधानमंत्री का सीएम साय की बार-बार तारीफ के अब सियासी गलियारों में भी मायने निकाले जा रहे हैं। यह विष्णुदेव साय सरकार की श्रेष्ठता का प्रतीक है।

# भाजपाईयों की अभद्रता बर्दाश्त नहीं, दर्ज हो अपराध : कांग्रेस



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को जिस प्रकार से पूरे संसदीय क्षेत्र की जनता ने हाथों-हाथ उठाए है, क्योंकि भूपेश बघेल के प्रत्याशी घोषित होते ही भाजपाइयों में हताशा निराशा जो घर-घर गई थी, वह आज मतदान के दिन भूपेश बघेल से भाजपाइयों द्वारा की गई अभद्रता से प्रमाणित भी हो गया। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ की गई अभद्रता एवं उनके रास्ते रोके जाने के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं लोकसभा राजनांदगांव के प्रभारी शाहिद भाई, पूर्व खादी ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, शहर कांग्रेस कमेटी लोकसभा चुनाव संचालक अध्यक्ष रमेश राठौर एवं राजनांदगांव लोकसभा के मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने रिटर्निंग अफसर को ज्ञापन देकर संलिप्तों पर अपराध दर्ज करने की मांग की गई है।

कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने समवेत स्वर में कहा कि दिनांक 26 अप्रैल मतदान के दिन कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बतौर प्रत्याशी बूथों के निरीक्षण के लिए वे टेड़ेसरा पहुंचे और बूथ क्रमांक 214, 15, 16, 217 के अवलोकन परिसर के अंदर जाने के लिए अपने वाहन से उतरे तो ग्राम के भाजपाईयों के द्वारा मोदी-मोदी, भूपेश बघेल मुर्दाबाद जैसे आपत्तिजनक नारेबाजी शुरू करते हुए भूपेश बघेल को अंदर जाने से रोकने का प्रयास कर बाहर रहो, जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया। भूपेश बघेल के द्वारा उन्हें समझाते हुए अपना परिचय पत्र भी दिखाते हुए कहा कि निर्वाचन में प्रावधान है कि प्रत्याशी बूथ के अंदर जाकर के अवलोकन कर सकता है, यहां तक की स्थिति गंभीर निर्मित हो गई थी कि कांग्रेस प्रत्याशी के साथ अप्रिय घटना घटित होने की पूर्ण संभावना थी, क्योंकि वहां पर सुरक्षा का भी पूर्णतः अभाव था। साथ ही साथ बूथ के आसपास नारेबाजी करना चुनाव प्रचार करना निर्वाचन नियमावली के विपरीत है और अभद्रता धक्का-मुक्की जैसी हरकत को लोकतंत्र में स्वीकार नहीं किया सकता। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा सोमनी थाने में आवेदन दिए जाने के बाद भी अपराध दर्ज नहीं किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल ने रिटर्निंग आफिसर को ज्ञापन के साथ वीडियो की पेन ड्राइव सौंप कर तत्काल अपराध दर्ज करने की मांग की है।

# युगांतर में नवीन राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली पर प्राइमरी के बच्चों के पैरेंट्स के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित




राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल मे प्राइमरी के बच्चों के पैरेंट्स के लिए नवीन राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली पर आधारित एक ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित हुआ, जिसे प्राचार्य डॉ.मधु पी चौधरी तथा प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। प्राइमरी की शिक्षिकाओं ने 21 सेंचुरी स्किल्स का शानदार वर्णन करते हुए वर्तमान शैक्षणिक सत्र की पीपीटी के जरिये कार्य योजना को प्रदर्शित किया। राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली को व्यावहारिक दृष्टिकोण पर कैसे संचालित किया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने प्रभावी क्लास टीचिंग के बारे में भी बताया। इस दौरान कई रोचक ग्रुप एक्टिविटी भी कराई गई जो कि बाल केन्द्रित शिक्षा प्रणाली के लिए जरूरी थी। कुल मिलाकर ओरियंटेशन प्रोग्राम उपयोगी साबित हुआ। आमंत्रित पालकों की ओर निकिता कोठारी सुरजन इस आयोजन की भूरि भूरि सराहना करते हुए शैक्षणिक गतिविधि को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 नियमावली की जानकारी दी। श्वेता मूंदड़ा ने भी प्राइमरी विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी ने कहा इस तरह का पालकों के ओरिएंटेशन कार्यक्रम समय समय आयोजित होता रहेगा। पालकों की बड़ी तादाद में उपस्थिति में हम अपने विजन को समझाने में सफल रहे हैं। इस ओरियंटेशन प्रोग्राम में विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी सहित बड़ी तादाद में पालकगण उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षक ने 2 वर्ष के बच्चे के साथ किया चुनाव ड्यूटी




**○ नवल जोड़े मतदान करने में नहीं रहे पीछे**
**○ बुजुर्गों ने मतदान कर अपनी सजगता का परिचय दिया**

डोंगरगांव (दावा)। अंचल में लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ और 26 अप्रैल को सभी जागरूक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. चुनाव ड्यूटी को गंभीरता से लेते हुए कर्मचारी अपने बच्चों के साथ ड्यूटी कर अन्य कर्मचारियों के प्रेरणास्त्रोत बने. वहीं इस दौरान अनेक बुजुर्गों ने अपनी सजगता का परिचय देते हुए मतदान कर आने वाली पीढ़ी के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया, वहीं अनेक बूथों में नवविवाहित जोड़े भी इस चुनाव पर्व में हिस्सा लिया.

शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से मतदान प्रारंभ होते ही सभी बूथों में बड़ी संख्या में मतदाता जुटे और दोपहर होते होते अधिकांश ने अपने मत का उपयोग कर लिया. इसी क्रम में पहले वोट फिर दूसरा काम की तर्ज पर बारात निकलते समय दूल्हा बूथ क्रमांक 155 सांगिनकछार में पहले मतदान करने पहुंचा फिर अपने विवाह के लिए बारात में गया. इसी प्रकार किलापारा डोंगरगांव निवासी भूपेन्द्र मेरिया ने बारात से वापसी के बाद सबसे पहले वोट डालने अपनी धर्मपत्नि के साथ पहुंचे. वहीं उनकी धर्मपत्नि संध्या ने अपने ग्राम में विदाई के पूर्व वोट डाला. ग्राम विचारपुर नवागांव मतदान केन्द्र क्रमांक 154 में काफी बुजुर्ग महिला ने मतदान कर प्रेरणा दी. वहीं इस चुनाव में अनेक चुनाव कर्मी विपरीत परिस्थितियों में भी चुनाव ड्यूटी कर चुनौती को स्वीकार किया, जिसमें माथलडबरी में आरक्षक भूमिका यादव 2 वर्ष की बच्ची के साथ ड्यूटी करते मतदान पर्व में अपनी भूमिका का निर्वहन किया.

# विदाई से पहले दूल्हे संग दुल्हन आई वोट डालने



**○ मेहंदी रची हाथों की उंगली पर सजी अमिट स्याही**
**○ शादी के जोड़े में पहुंची वोट डालने-दुल्हन ने वोट कर किया प्रेरित**

डोंगरगांव(दावा)। अंचल के कबीरमठ नादिया में एक नवविवाहित जोड़े ने वोट डालकर सभी के प्रेरणास्त्रोत बने. अपने व्यस्ततम समय में दुल्हन ने ससुराल जाने से पहले वोट डालने का आग्रह किया, जिसके बाद दुल्हन अपने नवविवाहित दुल्हे के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान केंद्र आई. ग्रामीणों ने इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह गांव में पहला अवसर है, जब कोई दुल्हन शादी के जोड़े में मतदान करने आई. दुल्हन का भाई मुकेश रावटे ने भावुक होकर अपने विचार व्यक्त किए कि तमाम व्यस्तताओं के बाद भी मेरी बहन ने वोट डाला है, यह समाज के हर वर्ग को मतदान के लिए प्रेरित करेगा. मतदान केंद्र में टीम द्वारा उनका सम्मान किया गया. उल्लेखनीय है कि दुल्हन संध्या जिनका विवाह डोंगरगांव नगर के भूपेंद्र मेरिया के साथ हुआ है. नवविवाहिता संध्या के वोट पश्चात यह दंपत्ति डोंगरगांव के बूथ क्रमांक 194 पहुंचा, जहां भूपेन्द्र ने वोट किया. वैवाहिक कार्य में अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद यह दंपत्ति अपने वोट को बर्बाद नहीं किया और दोनों सुबह पहले वोटिंग कर समाज में एक अच्छा संदेश दिया है.

## भाट समाज ने मतदान में दिखाई उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। राव भाट समाज जिला इकाई राजनांदगाव द्वारा बीते दिनों मे (वोटर्स) मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया था। जिला इकाई अध्यक्ष श्रवण कुमार भाट ने बताया कि लोक सभा चुनाव महापर्व पर राजनांदगाव जिले से अन्यत्र जगह अपने रोजी रोटी कर रहे, निवास कर रहे भाट समाज के लोगो को मतदान करने के लिए बुलाया गया था. समाज के निर्णय का स्वागत करते हुए आज मतदान के दिन पहुंचकर मतदान किया जिसके लिए भाट समाज अध्यक्ष श्रवण कुमार भाट, हुब लाल राव, ललित भाट सहित पदाधिकारी ने मतदाताओ का आभार व्यक्त किया।

### खोराटोला मे 110 वर्षीय कमला बाई ने मतदान किया

विधानसभा खुज्जी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गर्रापार के आश्रित ग्राम खोरा टोला बूथ क्रमांक 101 में श्रीमती कमला बाई पति स्वर्गीय सांवत राम साहू उम्र 110 वर्ष की महिला ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। ग्रामीण अंचलों में आज भी ऐसे महिला एवं पुरुष है जो सात्विक भोजन कर आज भी आनंद पूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं।

# खैरागढ़ छुईखदान गंडई में चुनाव आयोग द्वारा अभिनव पहल : 13 संगवारी, 5 आदर्श, 1 दिव्यांग एवं 1 युवा मतदान केंद्र स्थापित




खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर खैरागढ़ छुईखदान गंडई में चुनाव आयोग अभिनव पहल कर रहा है। आयोग ने कुल 13 संगवारी मतदान केंद्रों की स्थापना की है, जहां महिला कर्मचारी मतदान की कमान संभालेंगी। इनमें मतदान केंद्र क्रमांक 149 बघमरा, 193 चंदेनी, 204 कांचरी, 235 लिमतरा, 259 संडी, 28 पाड़ादाह, 50 गाढ़ा घाट, 53 बढ़ईटोला, 228 खैरागढ़, 153 छुईखदान 154 छुईखदान, 74 कोपेभाटा (गंडई), 79 पंडरिया (गंडई) शामिल हैं।

आयोग ने 5 आदर्श मतदान केंद्र भी स्थापित किए हैं, जो हैं : 33 पैलीमेटा, 259 संडी, 228 खैरागढ़, 154 छुईखदान और 74 कोपेभाटा (गंडई)। इन मतदान केंद्रों को विशेष तौर पर सुसज्जित कर प्रबंधित किया जाएगा। मतदान केंद्र क्रमांक 262 अमलीपारा में दिव्यांग कार्मिक प्रबंधित मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां मतदान प्रक्रिया पर तैनात सभी कर्मचारी दिव्यांग होंगे। युवा कार्मिक प्रबंधित मतदान केंद्र 230 खैरागढ़ बनाया गया है, जहां मतदान अधिकारी और मतदान प्रक्रिया को संपन्न करने वाले समस्त अधिकारी कर्मचारी युवा होंगे।

जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र में प्रवेश द्वार तैयार कर लगाया जाएगा। वहीं मतदान के पश्चात मतदाता अपने स्वयं का सेल्फी खींच सकें, इसलिए सभी मतदान केंद्र में सेल्फी जोन की व्यवस्था भी की जा रही है। गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए पृथक स्थल चिन्हांकित कर उचित बैठक व्यवस्था एवं छोटे बच्चों के लिए चॉकलेट और आंगनबाड़ी से खिलौना लाकर खेलने की सुविधा सुनिश्चित किया जा रहा है। आदर्श, संगवारी, युवा प्रबंधित एवं दिव्यांग प्रबंधित मतदान केंद्रों में प्रथम 50 मतदाताओं के सम्मान हेतु फूलमाला एवं तिलक की भी व्यवस्था होगी। गर्मी को ध्यान में रखते हुए छाया हेतु टेंट, बैठक व्यवस्था हेतु कुर्सियां, कूलर, पंखा और ठंडा पानी के लिए मटके सभी मतदान केंद्र में उपलब्ध रहेंगे। सभी मतदान केंद्रों में प्रकाश व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार बिजली व्यवस्था सुनिश्चित रहेगी। मतदान केंद्र के सामने प्रांगण को गोबर से लिपाई एवं रंगोली भी तैयार की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में तैयार किए जा रहे सभी मतदान केंद्र इस बार विशेष आकर्षक दिखेंगे।

# एक वोट की कीमत समझ बारात जाने से पहले दूल्हे ने किया मतदान



अंबागढ़ चौकी(दावा)। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में विकासखंड मानपुर अंतर्गत औंधी क्षेत्र के ग्राम नेवरगांव के मेघनाथ निर्मलकर ने अपनी शादी के दिन बारात जाने से पहले एक जागरूक मतदाता होने का फर्ज निभाया और बूथ क्रमांक 229 बोडेगांव में वोट डाल कर अपनी बारात में रवाना हुए। इसी प्रकार गुहाटोला निवासी गणेश ने भी अपनी शादी के दिन बारात जाने से पहले अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए बारात जाने से पहले मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया।

इस तरह दोनों दुल्हों ने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित किये।

# जनकल्याण सामाजिक संस्थान ने मतदान में किया सहयोग



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा क्षेत्र में आज लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जन कल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगांव द्वारा मत केन्द्रों में निर्बाध रूप से मतदान और शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न कार्य किए गए।

जारी विज्ञप्ति में संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा ठाकुरटोला मतदान केंद्र में मितानिन दीदीयों के साथ ओआरएस घोल पिलाने में सहयोग, लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित, स्वास्थ विभाग के स्टाफ के साथ मतदान केंद्र में जनता को जरुरत के हिसाब से मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराना, दिव्यांगों को मतदान केन्द्र तक ले जाना, बुजुर्गों को मतदान में सहयोग करना, लोगों को धूप में पानी पिलाना, बीएलओ दीदी के साथ में मतदाता पर्ची मिलान में सहयोग जैसी विभिन्न गतिविधियों में माध्यम से लोकतंत्र के महापर्व में अपना सहयोग किया गया।

## पदुमतरा में कु. चंचल साहू एवं तिलई में भूषणलाल देवांगन समाज सेवक के ग्राम अध्यक्ष बने



राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवक संघ के जिलाध्यक्ष भीमा साहू ने पदुमतरा ग्राम में कु. चंचल साहू एवं तिलई में भूषणलाल देवांगन को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया है। कु. चंचल साहू अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. है एवं उन्होने कम्प्युटर में बेसिक कोर्स किया है। वही भूषणलाल देवांगन आई.डी.बी. आई बैंक में कार्यरत है। उनकी नियुक्ति पर संघ के अध्यक्ष संजीव सिंघल एवं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति नेमीन देशमुख ने हर्ष व्यक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर दुर्ग संभाग अध्यक्ष समाज सेविका इंजीनियर कु. स्वाती देवांगन के.सी.जी. जिले की अध्यक्ष कु. दिव्या वर्मा, प्रियांशु सिंघल संभाग सचिव खुलेन्द्र साहू जिला सचिव कु. पायल यादव, नगर अध्यक्ष कु. रेवती साहू, गठुला ग्राम अध्यक्ष हर्ष साहू, बोरी अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, राजनांदगांव जिले के महासचिव तारिक ललानी, उपाध्यक्ष कु. निशी ध्रुव, मुंदगांव की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती वर्मा, नवागांव मुढ़ीपार स्टेशन के अध्यक्ष अमित पटेल, सुरगी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, अश्वनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, डोंगरगांव की अध्यक्ष रोहिणी पटेल, ठाकुरटोला के अध्यक्ष अभिजीत सरकार, मोती लाल रावटे, घोरदा के अध्यक्ष मनोज भट्टाचार्य, ककरेल के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल, एवं अन्य ने बधाई दी है।

# मतदाताओं को मधुमक्खियों ने किया घायल



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र देवरसूर (चौकी) में मतदाताओं को मधुमक्खियों ने घायल कर दिया भरी दोपहरी में 12 बजे के आसपास मत डालने महिला पुरुष कतार में खड़े थे कि स्कूल कैम्पस में छत बना चुके मधुमक्खियों के झुण्ड ने अचानक हमला करने लग गया जिनसे बचने लोगों को इधर उधर भागना पड़ा मतदान दल को भी अपना बचाव करना पड़ा मतदान प्रक्रिया थम सी गई थी केन्द्र को बन्द करने की नौबत आ गई थी मधुमक्खियों ने फनीश मण्डावी, देवप्रसाद दुग्गा, मालती सलामें,जलसू बोगा, सुनील ठाकुर, गणपत कोमरे, सरोज बाई सलामें,निर्मल बोगा, महेन्द्र जुरेशिया को काटा है। मधुमक्खियों की मण्डराते रहने के बाद भी 414 महिला व 390 पुरुष ने मतदान किया। यहां बताना लाजिमी होगा कि मतदान केन्द्र शासकीय हाईस्कूल देवरसूर को बनाया गया है, जहां एक साल पहले से मधुमक्खियों द्वारा डेरा डाला गया है स्कूली बच्चे विद्या अध्ययन के लिए आते हैं। शुक्र है कि बच्चों के साथ कोई अनहोनी नहीं हुआ है। शाला प्रबंधन व विभाग द्वारा मधुमक्खियों को भगाने का प्रयास किया गया है।

# भाजपा नेता के साथ अभद्र व्यवहार करने पर जनपद उपाध्यक्ष और साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज




**○ नवाज के एक और करीबी पर पुलिस कार्रवाई**
**○ पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की**

डोंगरगढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता नवाज खान के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से नवाज समर्थकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। ताजा मामला जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा एवं साथियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 23 अप्रैल को भाजपा का चुनाव प्रसार प्रचार करने वाले पवन जैन के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले 03 व्यक्ति्यों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया। प्रकरण के आरोपी गणों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। तथा शांति भंग एवं संज्ञेय अपराध करने की अंदेशा पर 02 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

### भाजपा नेता पवन जैन के आवेदन पर की गई कार्रवाई

पुलिस ने बताया कि, दिनांक 23.04.2024 को लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क अभियान के दौरान पवन जैन के साथ ग्राम डुंडेरा के नरेन्द्र वर्मा, भुखन वर्मा एवं नंद किशोर कंवर के द्वारा रास्ता रोकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर आरोपी नरेन्द्र वर्मा, भुखन वर्मा को गिरफ्तार कर जमानत पर छोड़ा गया एवं पुनः चुनाव में शांति भंग एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित करने की अंदेशा पर विधिवत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

# मतदान केंद्र की मनोरम झांकियों ने ।किया मतदाताओं को आकर्षित



खुज्जी (दावा)। अंचल में लोकसभा का चुनाव गत 26 अप्रैल को चाक चौबंद व्यवस्था के सांथ सम्पन्न हुआ जिसमें महिला एवं पुरुष मत दाताओं ने अपना कीमती मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने मे बढ़-चढ़कर भाग लिया, इसी कड़ी में डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76 के विभिन्न मत दान केंद्रों को आदर्श मत।दान केन्द्र बनाया गया था, आकर्षक। साज सज्जा के सांथ मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न थीमों को दर्शाया गया था।



इसी के तहत डोंगरगांव विकासखण्ड के ग्राम खुज्जी में भी संगवारी मतदान केंद्र क्रमांक 225 प्राथमिक शाला भवन को भी आदर्श मतदान केंद्र बनाकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं बस्तर की संस्कृति को वाल पेंट एवं काष्ठ कला के माध्यम से बैठक व्यवस्था हेतु झोपड़ी, मतदातों को धूप से बचाने छत्तीसगढ़ की वैवाहिक परम्परा के अनुरूप डारा पाना का मण्डप बनाकर उसमें पर्रा झांपी लगाकर परम्परा को वनमण्डल। राजनादगांव परिक्षेत्र खुज्जी के द्वारा निर्मित, सेल्फी जोन, प्याऊ घर मशरूम उत्पादन की आकर्षक झांकी भी चर्चा का विषय रहा। मतदाताओं ने भी आदर्श मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान के पूर्व व बाद में भी परिसर लगी झांकियों का आनंद उठाया केंद्रों में मतदान को सफलतापूर्वक निपटाने में विभागीय तौर पर कोई कमी नहीं छोड़ी गई।

# पहला कॉलम...

## बाइडन ने भारत की तीन कंपनियों पर लगाया बैन

वाशिंगटन। अमेरिका ने ईरानी सेना के साथ कारोबार करने वाली एक दर्जन से अधिक कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन कंपनियों में भारत की भी तीन कंपनियां शामिल हैं। इसी के साथ कुछ व्यक्तियों पर भी ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि इन कंपनियों ने यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद के लिए ईरानी मानव रहित हवाई जहाजों (यूएवी) की गुप्त बिक्री को सुविधाजनक बनाने और वित्तपोषण करने में अहम भूमिका निभाई है।अमेरिका ने कहा कि सहारा थंडर को मुख्य अग्रणी कंपनी के रूप में पहचाना गया है जो ईरान की मदद कर रही थी और इसमें तीन भारतीय कंपनियां साथ दे रही थी। उन तीन कंपनियों में जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।ईरानी सैन्य ईकाई सहारा थंडर एक विशाल शिपिंग नेटवर्क पर निर्भर है जो ईरान के रक्षा और सशस्त्र बल रसद मंत्रालय (एमओडीएएफएल) की ओर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी), रूस और कई न्यायालयों में ईरानी वस्तुओं की बिक्री और शिपमेंट में शामिल है। सहारा थंडर ने कुक आइलैंड्स-ध्वजांकित जहाज CHEM के लिए भारतीय कंपनी जेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अनुबंध किया था, जिसका प्रबंधन और संचालन संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेफ सीज शिप मैनेजमेंट स्र्नश्च द्वारा किया जाता है।

## निफ्टी में लगातार 5वें दिन तेजी रही

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 34.40 अंक की बढ़त के साथ 22,402.40 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का सेंसेक्स भी 114.49 अंक चढ़कर कारोबार की समाप्ति पर 73,852.94 अंक पर रहा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि धातु, स्वास्थ्य सेवा और रियल्टी शेयरों में खरीददारी के साथ अधिकांश सेक्टर हरे निशान में रहे। उन्होंने कहा कि कमोडिटी की कीमतों में बढ़ोतरी, चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार और आगे अच्छी मांग की उम्मीद के बीच धातु कंपनियों के शेयरों में ताजा खरीदारी देखी जा रही है। इसके अलावा, मध्य पूर्व में तनाव कम होने और तेल की कीमतों में गिरावट से वैश्विक बाजार सकारात्मक रहे। खेमका ने कहा, अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के बाद, स्वस्थ घरेलू आंकड़ों और चौथी तिमाही के अच्छे परिणामों के कारण निफ्टी में तेजी आई। हमें उम्मीद है कि बाजार में यह तेजी जारी रहेगी। इसके अलावा, चुनाव की शुरुआत के बीच भारत के वीआईएक्स में तेज गिरावट निकट अवधि में कम बाजार अस्थिरता का संकेत देती है।

## अमेरिका में पुलिस की गोली लगने से भारतीय मूल के युवक की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका में एक 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की सैन एंटोनियो में पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। युवक ने अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मार दी थी, पुलिस उसे अपनी रूममेट महिला पर गंभीर हमले के मामले में गिरफ्तार करने पहुंची थी।21 अप्रैल को टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में पुलिस अधिकारी टायलर टर्नर ने सचिन कुमार साहू को गोली मार दी थी, जिसके बाद उन्हें घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था।दी सैन एंटोनियो एक्सप्रेस-न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बेक्सर काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने कहा कि पिछले वीकेंड पर पुलिस के साथ विवाद के दौरान कई गोलियां लगने से सचिन कुमार साहू की मौत हो गईसचिन कुमार साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। सूत्रों ने कहा कि वह एक अमेरिकी नागरिक हो सकता था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, 21 अप्रैल को शाम 6.30 बजे से ठीक पहले घातक हथियार के साथ गंभीर हमले के बारे में एक रिपोर्ट मिली थी। इसके बाद पुलिस अधिकारियों को सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स में एक घर भेजा गया था। जहां पहुंचने पर अधिकारियों को एक 51 वर्षीय महिला मिली, जिसे जानबूझकर एक वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसका आरोप सचिन साहू पर लगा और वह वहां से भाग गया था।

## अमेरिका में फंसे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स इन दिनों चोट के चलते क्रिकेट से दूर चल रहे हैं। क्रिकेट से दूर होने के बाद स्टोक्स अपने परिवार के साथ अमेरिका के मैनचेस्टर में छुट्टियां बिताने गए, लेकिन अब बेन स्टोक्स मैनचेस्टर में फंस गए हैं। हालांकि उनके परिवार को मैनचेस्टर से जाने की इजाजत मिल गई थी लेकिन स्टोक्स तीन दिन से मैनचेस्टर में ही फंसे हैं। जिसकी बड़ी वजह अब सामने आई है। दरअसल बेन स्टोक्स अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ छुट्टियां बिताने मैनचेस्टर आए थे। लेकिन अब वीजा समस्या के कारण स्टोक्स यहां फंस गए हैं, जबकि उनका परिवार मैनचेस्टर से निकल चुका है। तीन दिन से मैनचेस्टर में फंसे होने के कारण स्टोक्स 22.2 किमी. पैदल चल चुके हैं।

# पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से हराया







कोलकाता 26 अप्रैल (वार्ता) जॉनी बेयरस्टो नाबाद (108), शशांक सिंह नाबाद (68) और प्रभसिमरन सिंह (54) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया है। पंजाब की यह नौ मैचों में तीसरी जीत है।

पंजाब किंग्स की टीम ने टी-20 इतिहास में अभी तक से बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए यह जीत हासिल की है। पंजाब की टीम ने 24 छक्के लगाये। वहीं कोलकाता की ओर 18 छक्के लगे।

262 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की जॉनी बेयरस्टो और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये छह ओवर में 93 रन जोड़े। प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 54 रन बनाये। उन्हें सुनील नारायण ने रनआउट किया। राइली रुसो 16 गेंदों में एक चौका और दो छक्कों की मदद से 26 रन बनाये। जॉनी बेयरस्टो 48 गेंदों में आठ चौके और नौ छक्के लगाते हुए नाबाद 108 रनों की पारी खेली। वहीं शशांक सिंह ने भी आतिशी अंदाज में 28 गेंदों में दो चौके और आठ छक्के जड़ते हुये नाबाद 68 रन बनाये। पंजाब किंग्स ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। कोलकाता की ओर से एक मात्र विकेट सुनील नारायण को मिला।

यह आईपीएल के एक मैच में पहली बार हुआ है जब चारों सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया है। कुल मिलाकर यह पुरुषों के टी-20 मुकाबले 11वीं बार ऐसा हुआ है।

इससे पहले फिल सॉल्ट (75) और सुनील नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 262 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी चौके और छक्को की बारिश करते हुये पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। 11वें ओवर में राहुल चाहर ने सुनील नारायण को जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच आउट कराकर पंजाब को पहली सफलता दिलाई। सुनील ने 32 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए 71 रन बनाये। 13वें ओवर में सैम करन ने फिल सॉल्ट को बोल्ड कर दिया। फिल सॉल्ट ने 37 गेंदों में छह चौके और छह छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली।

आंद्रे रसल 12 गेंदों में (24), कप्तान श्रेयस अय्यर 10 गेंदों में (28) और रिंकू सिंह (5) रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर 23 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये। वह आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। रमनदीप सिंह छह रन नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 261 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। केकेआर ने पांचवी बार इस सत्र 200 का स्कोर पार किया है। 10 ओवर में उन्होंने अपने इतिहास में सबसे अधिक रन बनाये है।

पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने दो विकेट लिये। सैम करन, राहुल चाहर और हर्ष पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## कप्तान बनकर फिर फ्लॉप हुए बाबर आजम

नई दिल्ली। वनडे विश्व कप 2023 में खराब प्रदर्शन के बाद पीसीबी ने शाहीन शाह अफरीदी को टी20 इंटरनेशनल का नया कप्तान बनाया था, लेकिन जब वे भी सफल नहीं हुए तो बाबर आजम को फिर से कमान सौंप दी गई। अब बाबर आजम पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टी20 सीरीज में कप्तानी कर रहे हैं, लेकिन इतने बदलाव के भी कोई असर नहीं हुआ। न्यूजीलैंड की बी कही जाने वाली टीम ने पाकिस्तान को उसके ही घर में चारोखाने चित्त कर दिया।





पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेल 5 मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया। कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। हालांकि न्यूजीलैंड की टीम ने पहले ही विकेट के लिए 56 रन जोड़ दिए। टिम रॉबिन्सन ने 51 रनों की बेहतरीन पारी खेली, वहीं टॉम बलेंडल ने 28 रन बनाए। हालांकि बाकी कोई भी बल्लेबाज 50 का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। टीम ने 20 ओवर में 178 रन बनाए। यानी पाकिस्तान की टीम आसानी से ये मैच जीत सकती थी। पाकिस्तानी टीम जब 179 के स्कोर का पीछा करने के लिए मैदान में उतरी तो कप्तान बाबर आजम 5 रन पर ही आउट हो गए।

## लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

लंदन। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने लंदन में भारतीय उच्चायोग पर पिछले साल मार्च में हुए हमले के मामले में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए शख्स को पिछले साल पाकिस्तान से भारत में घुसते समय अटारी सीमा पर हिरासत में लिया गया था। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पश्चिमी लंदन के हाउंस्लो में रहने वाले इंद्रपाल सिंह गाबा को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13(1), राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम की धारा दो और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 34 के तहत किए गए अपराधों के सिलसिले में बृहस्पतिवार को भारत में गिरफ्तार किया गया।

## आईसीसी ने युवराज सिंह को बनाया टी20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के कुछ दिन बाद ही आईसीसी मेंन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन किया जाएगा। यूएस और वेस्टइंडीज की सह-मेजबानी में 1 जून से 29 जून के बीच टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। पूरा शेड्यूल पहले ही जारी किया जा चुका है। अब आईसीसी ने भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को ब्रांड एंबेसडर बनाया है।



टी20 वर्ल्ड कप में महज 36 दिन शेष बचे हैं। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारत के दिग्गज युवराज सिंह को आईसीसी मेंन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। युवराज ने 2007 में पहले टी20 वर्ल्ड कप के दौरान एक ओवर में 6 छक्के लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। वहीं, उद्घाटन वर्ल्ड कप जीतने में भारत की तरफ से अहम रोल अदा किया था।

युवराज सिंह ने कहा, टी20 वर्ल्ड कप से जुड़ी में कुछ अच्छी यादें हैं, जिसमें एक ओवर में छह छक्के लगाना भी शामिल है, इसलिए इसका हिस्सा बनना बहुत रोमांचक है। यह अब तक का सबसे बड़ा आयोजन किया जाएगा। इसका हिस्सा बनना मेरे लिए गौरव की बात है।

युवराज ने आगे कहा, न्यूयॉर्क में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का मुकाबला इस साल दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक होने जा रहा है, इसलिए इसका हिस्सा बनना और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को एक नए स्टेडियम में खेलते हुए देखना सौभाग्य की बात है। बता दें कि इस बार टी20 वर्ल्ड कप में 20 टीमें हिस्सा लेंगी। 9 जगहों पर कुल 55 मैचों का आयोजन किया जाएगा। फाइनल मैच 29 जून को बारबाडोस में खेला जाएगा। पहला मुकाबला यूएस और कनाडा के बीच खेला जाएगा।

## टी20 में इंडोनेशिया की खिलाड़ी ने बना दिया अद्भुत रिकॉर्ड, बिना रन दिए लिया 7 विकेट

नई दिल्ली। टी20 क्रिकेट में जहां एक तरफ जहां बल्लेबाज अपने खेल के जरिए लगातार कई नए रिकॉर्ड बनाते हैं तो वहीं अब इंडोनेशिया की सिर्फ 17 साल की खिलाड़ी रोहमालिया ने गेंदबाजी में एक ऐसा रिकॉर्ड बना दिया जिसको लेकर कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। मंगोलिया की महिला क्रिकेट टीम इस समय इंडोनेशिया के दौरे पर है, जहां दोनों टीमों के बीच 6 मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेली गई। इस सीरीज के 5वें मुकाबले में इंडोनेशिया टीम की तरफ से खेल रहीं ऑफ स्पिनर रोहमालिया ने बिना कोई रन दिए 7 विकेट हासिल किए। इस मैच में इंडोनेशिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए थे, तो वहीं मंगोलिया की टीम 16.2 ओवरों में सिर्फ 24 रन बनाकर सिमट गई।




इंडोनेशिया की खिलाड़ी रोहमालिया ने महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 0 रन देकर 7 विकेट हासिल करने के साथ नीदरलैंड्स की खिलाड़ी फ्रेडरिक ओवरडिज्क का रिकॉर्ड तोड़ा है जिन्होंने साल 2021 के आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप यूरोप क्वालीफायर में फ्रांस की टीम के खिलाफ मुकाबले के दौरान अपने 4 ओवरों में सिर्फ 3 रन देते हुए 7 विकेट हासिल किए थे। रोहमालिया महिला टी20 इंटरनेशनल में 7 विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी हैं, इससे पहले नीदरलैंड्स की फ्रेडरिक ओवरडिज्क और अर्जेंटीना की खिलाड़ी एलिसन स्टॉक्स ने ये कारनामा किया था। वहीं अपने डेब्यू टी20 इंटरनेशनल में मैच में ये किसी भी खिलाड़ी का अभी तक का महिला क्रिकेट में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, जिसमें रोहमालिया ने नेपाल की खिलाड़ी अंजलि चंद के रिकॉर्ड को तोड़ा है, जिन्होंने साल 2019 में मालदीव के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में 2.1 ओवरों की गेंदबाजी में बिना कोई रन दिए 6 विकेट हासिल किए थे।

## तंजानिया में भारी बारिश के कारण 155 की मौत

डोडोमा । तंजानिया के प्रधानमंत्री ने बताया कि भारी बारिश के कारण 51,000 घर क्षतिग्रस्त हो गए। 20,000 से भी अधिक लोग इससे प्रभावित हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बाढ़ में फंसे लोगों को आपातकालीन सेवाओं के जरिए सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है।

तंजानिया में पिछले कुछ हफ्तों में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई। बाढ़ और भूस्खलन के कारण अबतक 155 लोगों की जान चली गई। भारी बारिश के कारण मौजूदा स्थिति को देखते हुए तंजानिया के प्रधानमंत्री कासिम मजालिवा ने इसके लिए अल नीनो जलवायु पैटर्न को जिम्मेदार ठहराया है।

## चीन और अमेरिका के बीच रिश्ते फिर हुए तनावपूर्ण

बीजिंगः अमेरिका और चीन के बीच रिश्ते फिर से बिगड़ गए हैं। दोनों देशों के संबंधों में फिर तनाव काफी बढ़ गया है। विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवाद को दूर करने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों के साथ मुलाकात की। उन्होंने साथ ही गलतफहमी और गलत आकलनों के खतरों को लेकर चेतावनी भी दी। ब्लिंकन ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी और जन सुरक्षा मंत्री वांग शियाहोंग के साथ बातचीत के बाद राष्ट्रपति चिनफिंग से मुलाकात की।

दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। ब्लिंकन और वांग ने संवाद के रास्ते खुले रखने के महत्व को रेखांकित किया, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी खेद जताया कि मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में दोनों देशों के बीच गंभीर मतभेद तब उजागर हुए जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने विदेशी सहायता विधेयक पर हस्ताक्षर किए जिसमें कई प्रावधान है जो चीन अपने खिलाफ मानता है।

दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और च्सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सरज् का उत्पादन और निर्यात शामिल है।

# प्रथम पेज का शेष

***0 राहुल गांधी और तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत 1202 प्रत्याशियों....***

**बेंगलुरु दक्षिण से उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के खिलाफ मामला दर्ज**

चुनाव आयोग ने कहा कि इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर कथित तौर पर एक वीडियो पोस्ट करने और धर्म के आधार पर वोट मांगने के आरोप में भाजपा सांसद और बेंगलुरु दक्षिण से उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।बता दें कि 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए वोट डाले गए थे और करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 94 सीटों के लिए तीसरे चरण का चुनाव अब सात मई को होगा। मतगणना चार जून को होगी।

***0 सीएम साय ने कांग्रेस पर जमकर बोला हमला...***

कांग्रेस को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश कर चुके हैं। बड़े-बड़े लोग कर रहे हैं। आज उनसे अपना घर तो संभल नहीं रहा है और बड़ी-बड़ी बात कर रहे हैं। राहुल गांधी के बिलासपुर दौरे को लेकर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी आ रहे हैं। पिछला ये अनुभव रहा है कि जहां-जहां राहुल गांधी जाते हैं। वहां कांग्रेस का बंटाधार होता है।


***0 सेवा विवाद मामले में दिल्ली सरकार की याचिका...***

सेवाओं पर नियंत्रण छीन लिया था। इसके कारण सत्ता के दो केंद्रों के बीच एक नया विवाद शुरू हो गया था। बाद में इस मामले पर अध्यादेश को केंद्रीय कानून में बदल दिया गया।

***0 छत्तीसगढ़ में सीबीआई जांच से बैन हटा, अब बिरनपुर हत्याकांड....***

बैठक में इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया था। राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद केन्द्र सरकार ने जांच के लिए अधिसूचना जारी कर यह मामला अब सीबीआई के सुपुर्द कर दिया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा 2021 में राज्य के 12 विभागों के लिए 170 पदों पर भर्ती के लिए चयन सूची जारी की गई थी। चयन सूची जारी होते ही प्रतिभागी युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा था। युवाओं ने चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और गड़बड़ी को लेकर कई शिकायतें की और इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई थी। एन्टीकरप्शन ब्यूरो/आर्थिक अपराध ब्यूरो ने भी इस मामले में अपराध दर्ज किया था। गौरतलब है कि राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य में घटित होने वाले गंभीर से गंभीर अपराधों की जांच-प?ताल सीबीआई से कराने को लेकर किनारा कर लिया गया था। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान घटित कई मामलों में सीबीआई से जांच कराने की मांग को न सिर्फ सिरे से खारिज कर दिया गया था, बल्कि राज्य में सीबीआई को आने को लेकर ही रोक लगा दी गई थी। केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार होने से गंभीर प्रकृति के अपराधों की जांच-पड़ताल सीबीआई से कराने का रास्ता खुल गया है। बिरनपुर हत्याकांड की भी जांच सीबीआई से कराने का निर्णय विष्णु देव सरकार ने लिया है। शीघ्र ही यह मामला भी सीबीआई के जिम्मे होगा। केन्द्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम की धाराओं में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराध संख्या 28/2024 से संबंधित मामलों की खोज और जांच करने के लिए पूरे छत्तीसग? राज्य में दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान के सदस्यों की शक्तियों और अधिकार क्षेत्र का विस्तार किया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार गृह विभाग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2021 की अनियमितताओं की जांच सीबीआई से कराने के संबंध में अधिसूचना 16 फरवरी 2024 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 10 अप्रैल 2024 को जारी की गई थी। राज्य सेवा परीक्षा, 2021 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता की शिकायतें, आईपीसी की धारा 420, 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7/7-ए और 12 के तहत पुलिस स्टेशन-अर्जुंदा, जिला-बालोद में दर्ज की गई थी। (यथा संशोधित 2018) और आईपीसी की धारा 120 बी, 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7/7-ए और 12 के तहत जिला-रायपुर के एसीबी/ईओडब्ल्यू पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 05/2024 दर्ज किया गया है। (2018 में यथा संशोधित) और ऐसे अपराध (अपराधों) के संबंध में और/या उसी लेन-देन के दौरान किए गए या समान तथ्यों से उत्पन्न किसी अन्य अपराध के लिए कोई भी प्रयास, उकसावे और/या साजिश शामिल हैं।

# देश की जीडीपी विकास दर फिर सात प्रतिशत से ऊपर पहुंचने की राह पर : आरबीआई




मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई ने कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर का ग्राफ कोविड-19 के पहले के समय की तरह सात प्रतिशत से ऊपर जाने के आरंभिक संकेत मिल रहे हैं।

केंद्रीय बैंक की आज जारी मासिक बुलेटिन में कहा गया है, मजबूत निवेश मांग और उत्साहित व्यापार तथा उपभोक्ता भावनाओं के समर्थन से भारत की वास्तविक जीडीपी विकास दर में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति के विस्तार के लिए स्थितियां बन रही हैं।

इसमें यह भी बताया गया है कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक विकास की गति बरकरार रही है और वैश्विक व्यापार का परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है। ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों पर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी बॉन्डों पर ब्याज और मॉर्गेज दरें बढ़ रही हैं।

वैश्विक व्यापार पर सकारात्मक दृष्टिकोण से भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलने और विकास में तेजी आने की उम्मीद है।

भारत के हालिया विकास प्रदर्शन ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है, जिससे पूर्वानुमान बढ़ाने की होड़ लग गई है। उदाहरण के लिए, आरबीआई बुलेटिन में बताया गया है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अप्रैल 2023 और जनवरी 2024 के बीच 2023 के लिए अपने पूर्वानुमान में कुल मिलाकर 0.80 प्रतिशत की वृद्धि की है।

नवीनतम अपडेट में, आईएमएफ को उम्मीद है कि भारत वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान देगा, जो बाजार विनिमय दरों के आधार पर दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा योगदान है। उसने कहा है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले एक दशक में जर्मनी तथा जापान से आगे निकलने की स्थिति में है।

आरबीआई बुलेटिन में यह भी कहा गया है कि देश की खुदरा महंगाई दर इस साल के पहले दो महीनों में औसतन 5.1 प्रतिशत रहने के बाद मार्च में 4.9 प्रतिशत हो गई है।

हालांकि, आरबीआई ने कहा है कि निकट भविष्य में चरम मौसम की घटनाओं से मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा हो सकता है। साथ ही लंबे समय तक भूराजनीतिक तनाव भी हो सकता है जो कच्चे तेल की कीमतों को अस्थिर रख सकता है।

# उदित राज के लिए प्रचार करेंगे वर्ल्ड काउंसिल ऑफ आर्य समाज के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी नित्यानंद

## वह संयुक्त किसान मोर्चा के प्रवक्ता भी हैं, चुनाव समाप्त होने तक प्रचार करने का लिया फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से एक उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट काफी खास है। दिल्ली की एकमात्र यह लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह लोकसभा क्षेत्र 2008 में अस्तित्व में आया था। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. उदित राज इस सीट से एक बार चुनावों में विजयी रह चुके हैं और इस बार भी उन्हें भारी संख्या में जन समर्थन मिल रहा है। उन्हें शुक्रवार को वर्ल्ड काउंसिल ऑफ आर्य समाज के राष्ट्रीय महामंत्री और संयुक्त किसान मोर्चा के प्रवक्ता स्वामी नित्यानंद उर्फ महेंद्र शास्त्री ने समर्थन देने की घोषणा की है। यहीं नहीं वह उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में रहकर डॉ. उदित राज के लिए प्रचार करते हुए भी नज़र आएंगे। उन्होंने चुनाव समाप्त होने तक डॉ. उदित राज के पक्ष में प्रचार करने का फैसला किया है। उदित राज को समर्थन देते हुए स्वामी नित्यानंद ने कहा, राहुल गांधी आम जनता, वंचित लोग, गरीब सहित देश की 95 प्रतिशत जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें एक होकर लड़ाई लड़नी है और कामयाब भी होना है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने न केवल गरीबों, मध्यम वर्ग, व्यापारियों, छोटे दुकानदारों, महिलाओं, युवाओं, किसानों और श्रमिकों के अधिकारों का हनन किया है बल्कि देश में रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी और ऐतिहासिक महंगाई से जनता को त्रस्त कर दिया। सरकार ने सिर्फ पूंजीपतियों के हितों के लिए काम किया है।



इसलिए अब साथ मिलकर लड़ने की जरूरत है। बता दें कि उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट के अंतर्गत 10 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में नरेला, बादली, रिठाला, बवाना, मुंडका, किराड़ी, सुलतानपुर माजरा, नांगलोई जाट, मंगोलपुरी और रोहिणी हैं। इनमें से रोहिणी विधानसभा पर भाजपा के विधायक विजेंद्र गुप्ता हैं, जबकि अन्य सभी सीटों पर आम आदमी पार्टी के विधायक है, जिसका फायदा इंडिया गठबंधन के तहत डॉ. उदित राज को मिल सकता है। इस संसदीय क्षेत्र में रिहायशी और व्यावसायिक दोनों इलाके शामिल हैं। आउटर रिंग रोड के पार इस लोकसभा क्षेत्र में रोहिणी, पीतमपुरा, सरस्वती विहार, मॉडल टाउन जैसी पाश कॉलोनियां है। वहीं, बवाना, मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, बवाना जैसे क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयां भी हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नरेला, बवाना में सैकड़ों की तादाद में गांव भी हैं। जहां पर खेती होती है और रिहायशी कॉलोनियां भी यहां पर विकसित हो रही हैं। इन सब जगह से डॉ. उदित राज को भारी जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। और वह बूथ लेवल मैनेजमेंट के तहत लोगों तक अपनी पहुंच भी बना रहे हैं।

# भारत और जापान ने मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेलवे परियोजना की प्रगति की समीक्षा की



नई दिल्ली । भारत और जापान ने गुरुवार को ऑनलाइन प्रारूप में आयोजित 17वीं संयुक्त समिति की बैठक के दौरान मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेलवे (एमएएचएसआर) परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जापानी प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार मासाफुमी मोरी के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की।

भारत की ओर से, बैठक में रेलवे और विदेश मंत्रालय के साथ-साथ नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए।

बैठक में जापान की ओर से विदेश, वित्त, अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग, भूमि, बुनियादी ढांचे, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय के साथ-साथ जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) सहित संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लिया।

जापानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, इस बैठक में, हमने मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना की प्रगति की पुष्टि की और परियोजना की निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी चर्चा की।

इसमें कहा गया है, जापानी सरकार मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेलवे पर शिंकानसेन प्रणाली की शुरुआत के लिए भारत सरकार के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगी।

इस सप्ताह की शुरुआत में, आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में, वैष्णव ने कहा था कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए विभिन्न स्टेशनों के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

उन्होंने खुलासा किया, 290 किमी से अधिक का काम पहले ही हो चुका है। आठ नदियों पर पुल बनाए गए हैं... 2026 में पहला खंड खोलने के लक्ष्य के साथ काम बहुत तेज गति से चल रहा है।

# मतदाता पर्ची बांटने लगाए पंडाल में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से कांग्रेस कार्यकर्ता गंभीर रूप से झुलसा



कवर्धा (दावा)। छत्तीसगढ़ में इस वक्त लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण के मतदान के बीच राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से बड़ा हादसा होने की खबर सामने आ रही है।

दरअसल यहां मतदाता पर्ची बांटने लगाए पंडाल में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से कांग्रेसी कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया है। युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बैगा बाहुल्य क्षेत्र चिंयाडाड मतदान केंद्र से 100 मीटर पहले हाईटेंशन के नीचे कांग्रेस पार्टी ने पंडाल लगाया था। इस दौरान हाईटेंशन के चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. यह मामला कुकदुर थाना का है। ग्रामीणों ने कांग्रेसियों को हाईटेंशन तार के नीचे पंडाल लगाने से मना किया था।

# महतारी वंदन योजन की बैठक सम्पन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा की बूथ नम्बर 147 की बैठक साहू धर्मशाला पटेल वार्ड में संपन्न हुई जिसमें महतारी वंदन योजना पर प्रकाश डालते हुये डोंगरगढ विधानसभा के सहप्रभारी सुनील कुमार जैन ने अपने संबोधन में बताया की महतारी योजना का लाभ सभी महिलाओं को मिले इसकी चिंता छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार कर रही है एवं महिलाओं के खाते में अब तक दो-दो हजार रुपये आ चुका है प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये हर महिलाओं के खाते में आयेंगे। श्री जैन ने किसी के बहकावे में न आने का निवेदन करते हुये भाजपा के प्रत्याशी संतोष पाण्डे के कमल छाप पर मुहर लगा कर विजयी बनाने का निवेदन किया, कार्यक्रम को भाजपा नेता भाजपा प्रकाश चौरड़िया, शहर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, वार्ड पार्षद राकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, श्याम तिवारी ने भी अपने विचार रखे एवं वार्ड नम्बर 12 से भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीताने का निवेदन किया।

# मोहारा पुलिस द्वारा कोलाहल अधिनियम के अंतर्गत वाहन सहित म्यूजिक सिस्टम जप्त किया

डोंगरगढ़ (दावा)। मोहारा पुलिस द्वारा कोलाहल अधिनियम के अंतर्गत वाहन सहित म्यूजिक सिस्टम को जप्त किया गया। एक अन्य मामले में मोहारा पुलिस द्वारा अश्लील आपत्ति जनक वाटसअप भेजने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, न्यायालय द्वारा रिमाण्ड पर आरोपी को जेल भेजा गया।



मोहारा पुलिस द्वारा अश्लील आपत्ति जनक वाटसअप भेजने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में पुलिस ने बताया कि, दिनांक 24 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुये चुनाव पेट्रोलिंग के दौरान रात्रि में ठाकुरटोला शादी घर में बज रहा म्यूजिक सिस्टम को (जय मां शाकम्भरी गड़वा बाजा ग्रुप तुमड़ीलेवा) का म्यूजिक सिस्टम सहित जप्त कर साउण्ड सिस्टम के संचालक आशीष साहू पिता भुवन साहू निवासी मुढ़ीपार थाना सोमनी इसी प्रकार ग्राम ढारा में साउण्ड सिस्टम के संचालक गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता चंद्रेश कुमार उम्र 21 साल निवासी सेमरा थाना ठेलकाडीह द्वारा साउण्ड सिस्टम डीजे बाक्स ग्राम के शादी समारोह में लगाया था जिसके विरूद्ध भी कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन करने से धारा-15 छ.ग. कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी।

### अश्लील मैसेज भेजने वाले के खिलाफ कार्रवाई

एक अन्य मामले में पुलिस ने 25 अप्रैल को प्रार्थी धनसिंह विश्वकर्मा निवासी पलांदुर के शिकायत पर उनके भतीजी के शादी के लिये मरोदा भिलाई से लेखराम विश्वकर्मा पीला बारात लेकर पलांदुर आया था उसी समय उसके होने वाली बीबी की ब्वाय फ्रेण्ड गोविंद वैष्णव पिता चतुर आनंद वैष्णव उम्र 23 साल निवासी पलांदुर अपने मोबाईल से लेखराम विश्वकर्मा को अश्लील एवं आपत्ति जनक फोटोग्राफ प्रसारित कर दिया। जिससे शादी टुट गयी और आरोपी के खिलाफ धारा 292, 509 (ख) भादंवि के अंतर्गत अपराध पंजीबंद्ध कर आरोपी को जेल भेजा गया।

# चारभाठा में शोभायात्रा निकालकर मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री राम भक्त युवा समिति द्वारा वनांचल क्षेत्र ग्राम चारभाठा में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

पूजन, हवन के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तत्पश्चात समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा झांकी निकाली गई। जिसमे समस्त ग्रामवासी झांकी के साथ जय श्री राम के नारे की गूंज भगवा ध्वज लहराते हुए डीजे के साथ नाचते गाते गांव का भ्रमण किये साथ में प्रसादी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में अशोक साहू, निरंजन साहू, छोटू सिन्हा, मनोहर, भूषण, रोहित, सुरेन्द्र, कुंभज देवांगन, हनुमान दास, पंडित कृष्ण कुमार दुबे जी,, मुरली साहू, मोनू साहू, ऋषिराज, खोमेश, नीरेंद्र, भूपेंद्र, दुर्गेश साहू, तेजेश, देवदत्त, नाथूराम, गिरजाशंकर, दुष्यंत, पीतांबर, गगन, सत्यम, चैनल, अजय, गोलू, रितेश, पुष्पराज,, हिमांशु, प्रियां शु, दानू, पूसू, सूरज, लाला, पियूष, चंपू, वैभव सहित समस्त श्रद्धालुगण शामिल हुए।

# इकोफ्रेंडली मतदान केन्द्र मोरकुटुम्ब

राजनांदगांव (दावा)। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 41-प्राथमिक शाला भवन मोरकुटुम्ब को इकोफ्रेंडली थीम पर आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में सुसज्जित किया गया है। आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 41-मोरकुटुम्ब के माध्यम से रियूज-रिसायकल-रिड्यूस का संदेश दिया गया है। आदर्श मतदान केन्द्र का मंडप गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेड़-पौधे की पत्तियों से बनाया गया है। पेड़ पौधों के पत्तियों एवं फूलों से ही आकर्षक प्रवेश द्वार एवं सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। फूल पत्तियों से मतदान केन्द्र के प्रांगण में अपशिष्ट पदार्थ के पुर्नप्रयोग के संदेश हेतु रंगोली बनाई गई है। प्लास्टिक की खाली बोतलों से आकर्षक गमले एवं अन्य सजावट की सामग्री भी बनाई गई है।




गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेड़-पौधे की पत्तियों से बनाया गया आकर्षक मंडप- पेड़ पौधों के पत्तियों एवं फूलों से सुजज्जित किया गया आकर्षक प्रवेश द्वार व सेल्फी प्वाइंट

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में शुक्रवार 26 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी हो गई है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि पूर्व में हुए निर्वाचन कार्यक्रम में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिससे मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित एवं आकर्षित करने के लिए विभिन्न थीमों पर आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। जिले में थीम के अनुसार विभिन्न आदर्श मतदान केन्द्रों में आकर्षक साज-सज्जा की गई है।

# जिले में भक्ति-भाव से मनाई गई रुद्रावतार हनुमान जन्मोत्सव

खैरागढ़ (दावा)। जिले भर में रुद्र अवतार भगवान हनुमान का जन्मोत्सव पूरे भक्ति भाव से मनाया गया, खास तौर पर जिला मुख्यालय संगीत नगरी में हनुमान जन्म उत्सव के पावन अवसर पर परंपरानुसार विविध आयोजनों के साथ पवन पुत्र की शोभायात्रा निकाली गई वहीं जिले के छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा, जालबाँधा, ठेलकाडीह, उदयपुर, बाजार अतरिया, पांडादाह, मुढ़ीपार सहित अंचल के छोटे-बड़े हनुमान मंदिरों में सुबह से देर शाम तक श्रद्धा और भक्ति का दौर चलता रहा।

### जिले के हनुमान मंदिरों में दिनभर भक्तिमय रहा माहौल

हनुमान जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित समूचे ग्रामीण अंचल में माहौल भक्तिमय रहा. सिंगारपुर स्थित सुप्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में दूरदराज से हनुभक्त दर्शन को देर रात तक पहुंचते रहे यहां परंपरानुसार जयंती अवसर पर विविध आयोजन संपन्न हुये वहीं जिला मुख्यालय के सुप्रसिद्ध बाँके बिहारी-बम्बई बाज मंदिर गोल बाजार, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित बजरंगबली मंदिर, किल्लापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, टिकरापारा स्थित श्रीराम मंदिर बर्फानी धाम, नया टिकरापारा स्थित राधा माधव मंदिर, इतवारी बाजार स्थित हनुमान मंदिर, दाऊचौरा स्थित बजरंगबली मंदिर व विश्वविद्यालय कैम्पस-2 स्थित हनुमान मंदिर सहित ग्रामीण अंचल के विभिन्न गांवों में स्थित हनुमान जी के मंदिर में दिनभर पूजा अर्चना व विविध आयोजन हुये जहां श्रद्धालुओं ने अपने मनोवांछित कामना की पूर्ति के लिये हनुमान चालीसा के पाठ सहित चोला चढ़ाकर परंपरानुसार अलग-अलग तरीके से पूजा अर्चना की जिससे अंचल का माहौल भक्तिमय रहा।



0 जिले भर में हनुभक्तों ने जगह-जगह निकाली शोभायात्रा

### दिन भर हुआ प्रसादी का वितरण फिर शाम को निकली भव्य शोभायात्रा

हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर जिलेभर में दिन भर भक्तों ने विविध आयोजन संपन्न कराये, खासतौर पर मंदिरों में भंडारा प्रसादी का आयोजन दिन भर चलता रहा। वहीं देर शाम वीर हनुमान सेवा समिति तुरकारीपारा के संयोजन में भगवान हनुमान की भव्य शोभायात्रा तुरकारी पारा स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर से जय स्तंभ चौक, राजीव चौक, मस्जिद चौक, गोल बाजार, बख्शी मार्ग, इतवारी बाजार होते हुये पुनः गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां पवन पुत्र भगवान हनुमान की परंपरानुसार महाआरती की गई। इस दौरान बजरंगियों ने नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण भी किया। गौरतलब है कि वीर हनुमान सेवा समिति तुरकारी पारा के तत्वाधान में हनुमान जयंती के आयोजन का यह लगातार 14वां वर्ष है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दी।

खास बात यह है कि शोभायात्रा में भक्त बजरंगियों द्वारा अखाड़े का भी जोखिमभरा और खूबसूरत प्रदर्शन किया गया जिसमें शोभायात्रा के दौरान कौतूहलकारी करतब भी बजरंगियों द्वारा दिखाया गया। हनुमान जयंती के पूरे आयोजन को सफल बनाने में वीर हनुमान सेवा समिति के दिनेश गुप्ता, नरेंद्र श्रीवास, प्रफुल्ल ताम्रकार, सुबोध पांडेय, पंकज यादव, भुपेन्द्र गंगबोईर, विक्रम यादव, करण यादव, निक्कू श्रीवास, नरेश यादव, हर्षल गुप्ता कृष महोबे मानस यादव सुनील यादव विकास यादव सौमित्र, शौर्य, लल्ला, पुजारी सतीश तिवारी सहित नगरवासियों का विशेष योगदान रहा.

# हैंड पंप खराब होने से पेयजल का संकट गहराया

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कांग्रेसजनों के साथ ग्रामीणों के पेयजल की समस्या लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्राम घोटिया के वार्ड नंबर सात के मोहल्ला वासियों के साथ मोहित नेताम ने श्री सिन्हा को बताया कि हमारे मोहल्ले की हैंड पंप पिछले तीन दिनों से खराब है। तथा ग्राम ढारा के मेन रोड के पास हैंड पंप जिसकी केसिंग पाइप जर्जर हो चुकी है, तथा सीमेंट का घेरा जर्जर हो चुका है। मनीष टांडिया ने बताया दोनों हैंड पंप का निराकरण कराने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग डोंगरगढ़ पहुंचकर तत्काल निराकरण कराने कहा गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री नेतराम साहू सेक्टर प्रभारी दिनेतू प्रकाश जांगड़े ब्लॉक अध्यक्ष श्री सिन्हा के साथ उपस्थित रहे।

**ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिंह ने ज्ञापन सौंपा**

# राजनांदगांव रियासत के दानवीर राजा स्व. महंत दिग्विजय दास वैष्णव की 91वी जन्म जयंती मनाई गई

राजनांदगांव (दावा)। रियासत के दानवीर राजा स्व. महंत दिग्विजय दास वैष्णव की 91वी जन्म जयंती मनाई गई विश्व हिंदू परिषद एवं जीवनदान सेवा संस्था के सदस्यों ने शीतला मंदिर परिसर में स्थित राज परिवार के समाधि स्थल की साफ सफाई की एवं राजा दिग्विजय दास के समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।



राजाजी एवं राज परिवार के द्वारा नांदगांव की जनता के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के ओम प्रकाश अग्निहोत्री, राहुल बलदेव मिश्रा, सुनील सेन, सुशील लड्ढा, प्रशांत दुबे जीवनदान सेवा संस्था से प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण दास वैष्णव, अभय जंघेल, जिलाध्यक्ष अविनाश जैन, शहर अध्यक्ष ऋषभ मल्ल, सेवा प्रमुख अमित चौहान, बालोद जिला अध्यक्ष कमल साहू, डोंगरगांव अध्यक्ष शांतिलाल शांडिल्य, साकेत वैष्णव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# मुरमुंदा के राम भक्त युवाओं ने जरूरतमंदों के लिए किया रक्तदान

डोंगरगढ़/मुरमुंदा (दावा)। ग्राम मुरमुंदा में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर ग्राम में श्री राम भक्त युवा समिति ने भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिनसे ढोल तासक शस्त्र प्रदर्शन कर, नारी शक्ति प्रदर्शन, भक्ति प्रदर्शन श्री राम दरबार व विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई।

श्री शिव मंदिर में एवं हनुमान मंदिर में पूजन हवन हनुमान चालीसा पाठ विशाल रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया। महिला समूह का भंडारा में विशेष योगदान रहा साथ ही संध्या पूजन प्रसादी वितरण किया युवाओं द्वारा 41 यूनिट रक्त का दान हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर राम भक्त युवाओं द्वारा 41 यूनिट रक्त का दान किया गया। श्री राम भक्त युवा समिति के तत्वाधान में रक्तदान किया रक्त दान शिविर में हर वर्ग के लोगो ने अपनी सहभागिता निभाई। अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के ब्लड बैंक की टीम का विशेष योगदान है इस कार्यक्रम में श्रीराम भक्त यह समिति के सभी सदस्यों उपस्थित थे।



# विश्व मलेरिया दिवस पर निकली रैली



जंगलपुर (दावा)। आज विश्व मलेरिया दिवस पर ग्राम कोटरासरार में ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति द्वारा मलेरिया रोकथाम व उन्मूलन हेतु रैली निकाली गई। रैली में मलेरिया से बचाव व रोकथाम हेतु सोते समय मच्छरदानी का उपयोग व अपने आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना, आसपास के गड्ढों में गंदा पानी जमा न होने देना के बारे में रैली में बताया गया व स्वच्छ राष्ट्र बनाना है घर घर से मलेरिया को मिटाना है नारा के माध्यम से संदेश दिया गया। रैली में महिला स्वास्थ्यकर्ता खुशबू साहू, चामेश्वरी ठाकुर व मितानिन बबीता साहू, दुलारी साहू, शारदा सिन्हा व ग्राम वासियों का सहयोग रहा ।








*राजनांदगांव (दावा)। मंडी परिसर में मतदान दल का सफलता पूर्वक मतदान करके वापसी होने पर कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा स्वागत किया गया।*

# मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**शाम 6 बजे तक अनंतिम आंकड़े अनुसार 72.93 प्रतिशत रहा मतदान**

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव का मतदान कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। लोकतंत्र के उत्सव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाताओं की लंबी कतार देखनों को मिली।

समाचार लिखे जाने तक प्राप्त अनंतिम आकड़े अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत शाम 6 बजे तक 72.93 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बने। शाम 6 बजे के बाद भी विभिन्न मतदान केन्द्रों में बहुत से मतदाता कतार में खड़े हुए हैं। अनंतिम आकड़े के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया में 68.30 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा में 70.20 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ में 75.25 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ में 78.23 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव में 72.48 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव 73.23 में प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी में 75.22 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर में 75 प्रतिशत मतदान हुआ है।




## पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग अपनी पत्नी के साथ पहुचे मतदान करने

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने अपनी पत्नी के साथ गुरूनानक स्कूल स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 42 पहुंचकर मतदान किया। पुलिस अधीक्षक ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाते हुए सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने नागरिकों से बिना किसी डर व प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करने कहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने अपनी पत्नी के साथ मतदान करने के बाद सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर मतदान करने का संदेश दिया।

## खूबचंद पारख जी ने मोदीजी का स्नेह पत्र पढ़ कर नवविवाहित को सौंप कर आशीर्वाद दिया



राजनांदगांव (दावा)। लखोली राजीव नगर क्षेत्र के रतन यादव की सुपुत्री सौ का. रोशनी यादव की आज शादी के अवसर पर व प्रथम बार लोकसभा के मतदान के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रतिनिधि खूबचंद पारख जी ने मोदीजी का स्नेह पत्र पढ़कर नवविवाहित को सौंप कर आशीर्वाद दिया। साथ ही विवाह में सम्मलित लगभग 110 लोगों विवाह के कार्यक्रमो को रोककर मतदान किया।

## असाध्य रोग से ग्रसित महिला द्वारा मतदान करने पर भाजपा नेता ने प्रेरणादायक बताया



राजनांदगांव (दावा)। आज लोकतंत्र का महान पर्व लोकसभा चुनाव का मतदान संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न प्रकार के मामले देखने को मिले। इसी तरह के मामले को भाजपा नेता खूबचंद पारख ने प्रेरणादायक बताया।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कुर्सी में बैठी महिला श्रीमती शारदा वैष्णव है जो कि अटलनगर लखोली में रहती है, भाजपा की वरिष्ठ महिला नेत्री है, कैंसर जैसे असाध्य रोग से जूझ रही है डॉक्टरों ने जवाब दे दिया है डोंगरगांव के पास के गांव में आयुर्वेदिक इलाज चल रहा है। देश हित स्वयम जाकर मतदान किया। भाजपा के चुनाव सह समन्वयक खूबचंद पारख ने उनके निवास में जाकर उनके जज्बे और उनके पार्टी के प्रति समर्पण को प्रणाम किया। साथ ही शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।



*राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग ने लाईन में लगकर किया मतदान।*

# मतदाता सेल्फी जोन में मतदाताओं में उत्साह रहा






























स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com